■ माघ शुक्ल - 7 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 20 ■ अंक - 190 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 04-02-2025 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 राष्ट्रपति का अपमान करना कांग्रेस की परंपरा और उनके 'राजनीतिक डीएनए' में है

6 संचार क्रांति ने छीन ली पुस्तकों की अहमियत

7 'वीर हनुमान' में केसरी का किरदार निभाना मेरे लिए एक विशेष अवसर : आरव चौधरी

# बसंत पंचमी पर ढाई करोड़ लोगों ने अमृत स्नान किया

महाकुंभ



■ 13 फरवरी से अभी तक महाकुंभ में 35 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**महाकुंभ नगर/भाषा।** महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान बसंत पंचमी पर सोमवार तड़के से देश-दुनिया से लाखों की संख्या में लोग गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने आते रहे और शाम आठ बजे तक ढाई करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया।

मेला प्राधिकरण जारी आंकड़ों के मुताबिक, तीन फरवरी को शाम आठ बजे तक 2.57 करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई। इसमें 10 लाख कल्पवासी भी शामिल हैं और 13 फरवरी से अभी तक महाकुंभ में 35 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। मेला प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि संगम घाट पर नागा साधु-संतों और आम श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की गई। हर किसी ने अमृत स्नान का अलौकिक आनंद लिया और चारों ओर हर-हर गंगे का घोष सुनाई देती रही।

## महाकुंभ की भगदड़ में षड्यंत्र की बू आ रही है : रविशंकर प्रसाद



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को कहा कि महाकुंभ में भगदड़ की जांच जारी है और इस मामले में षड्यंत्र की बू आ रही है। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि जब पूरी जांच का निष्कर्ष सामने आएगा तो जिन्होंने यह हादसा करवाया है उन्हें शर्म से सिर झुकाना पड़ेगा। प्रसाद ने कहा, ''महाकुंभ में अब तक 35 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। जो हादसा हुआ उसकी जांच चल रही है और उस जांच में षड्यंत्र की बू आ रही है।'' उन्होंने पूछा कि कुंभ और सनातन का नाम सुनते ही विपक्ष को परेशानी क्यों हो जाती है। भाजपा नेता ने कहा, ''सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान।''

## महाकुंभ को लेकर भ्रामक पोस्ट करने पर आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**महाकुंभ नगर/भाषा।** महाकुंभ मेले को लेकर भ्रामक सूचना फैलाने को लेकर कोतवाली महाकुंभ नगर में सात 'एक्स' अकाउंट चलाने वाले व्यक्तियों और एक इंस्टाग्राम चलाने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एसएसपी (कुंभ) राजेश द्विवेदी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि महाकुंभ मेले को लेकर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने के लिए सात 'एक्स' अकाउंट और एक इंस्टाग्राम अकाउंट के संचालकों के खिलाफ कोतवाली थाने में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## महाकुंभ भगदड़: न्यायालय ने याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देश देने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया। महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या पर प्रयागराज के संगम क्षेत्र में मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य लोग घायल हो गए थे। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की इस दलील पर गौर किया कि इस मामले पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पहले ही एक याचिका दायर की जा चुकी है और मौजूदा याचिका की शीर्ष अदालत में सुनवाई नहीं की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता विशाल तिवारी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा।

## फर्स्ट टेक

### चंद्रिका टंडन ने जीता ग्रैमी पुरस्कार

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय-अमेरिकी गायिका एवं उद्यमी चंद्रिका टंडन ने एल्बम 'त्रिवेणी' के लिए 'बेस्ट न्यू एज, एम्बिएंट या चैंट एल्बम' श्रेणी में ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम किया है। 'पेप्सिको' की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) इंद्रा नूयी की बड़ी बहन टंडन ने अपने सहयोगियों दक्षिण अफ्रीकी बांसुरी वादक वाउटर केलरमैन और जापानी सेलो वादक इरु मात्सुमोतो के साथ यह पुरस्कार जीता। 'रिकॉर्डिंग अकेडमी' द्वारा आयोजित इस सबसे बड़े संगीत पुरस्कार समारोह का 67वां संस्करण रविवार को लॉस एंजिलिस के 'क्रिप्टोडॉटकॉम एरेना' में आयोजित किया गया। टंडन ने पुरस्कार जीतने के बाद 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, ग्रैमी सप्ताह का पांचवां दिन - हमारे एल्बम 'त्रिवेणी' के लिए ग्रैमी जीतकर गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। यह एक ऐसा पल है, जो मुझे याद दिलाता है कि संगीत प्रेम है, संगीत हम सभी के भीतर प्रकाश को प्रज्वलित करता है और संगीत हमारे सबसे बुरे दिनों में भी खुशी देता है।

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों के टिकट की बिक्री शुरू

**दुबई/भाषा।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के ग्रुप चरण के तीन मैचों और दुबई में होने वाले पहले सेमीफाइनल के लिए टिकटों की बिक्री सोमवार शाम से शुरू हो जाएगी। चैंपियंस ट्रॉफी का यह सत्र 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में आयोजित होगा। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। टिकटों की कीमत 125 एईडी (लगभग 2,900 रुपए) से शुरू होगी। आईसीसी ने कहा, नौ मार्च (रविवार) को होने वाले फाइनल मैच के टिकट दुबई में पहले सेमीफाइनल के खत्म होने के बाद जारी किए जाएंगे।

### उत्तर कोरिया ने अमेरिकी विदेश मंत्री की आलोचना की

**सियोल/एपी।** उत्तर कोरिया ने उसे एक ''दुष्ट'' देश कहने पर अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि इस तरह की ''असभ्य और निरर्थक टिप्पणियों'' से अमेरिका का कभी हित नहीं होगा। उत्तर कोरिया ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले मौजूदा प्रशासन की पहली बार प्रत्यक्ष आलोचना की है। उत्तर कोरिया के पहले भी संकेत दिया है कि वह अमेरिका के प्रति अपना कड़ा रुख फिलहाल बरकरार रखेगा जबकि ट्रंप ने कहा है कि कूटनीति को पुनर्जीवित करने के लिए उनका उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से संपर्क करने का इरादा है। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा, अमेरिकी विदेश नीति के प्रभारी व्यक्ति के शत्रुतापूर्ण शब्द एवं कार्य, उत्तर कोरिया के प्रति अमेरिका की उस शत्रुतापूर्ण नीति की एक बार फिर पुष्टि करते हैं जिसमें बदलाव नहीं हुआ है।

| 04-02-2025 सूर्यास्त | 05-02-2025 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:22 बजे | 6:45 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 77,186.74 | 23,361.05 |
| (-319.22) | (-121.10) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 8,700 रु. | 95,992 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### भटकाव

बर्फीले तूफानों में भी,
सीमा पर प्रहरी डटे हुए।
भीतर हम सिर्फ सियासत से,
दल जाति धर्म में बँटे हुए।
हैं विविध सभी पर सदा एक,
ये नारे सबको रटे हुए।
क्या करना था सब भटक गए,
मुद्दों से सारे हटे हुए।।

यात्रियों को राहत देने के लिए

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर एक समान टोल नीति पर काम जारी : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को राहत देने के लिए एक समान टोल नीति पर काम कर रहा है।

गडकरी ने यह भी कहा कि अब भारत का राजमार्ग बुनियादी ढांचा अमेरिका के बराबर है। उन्होंने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, हम एक समान टोल नीति पर काम कर रहे हैं। इससे यात्रियों को होने वाली समस्याओं का समाधान होगा।

गडकरी अधिक टोल शुल्क और खराब सड़क की शिकायतों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वालों के बीच बढ़ते असंतोष पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर एक बाधा रहित वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (जीएनएसएस) आधारित टोल संग्रह प्रणाली को लागू करने का फैसला किया है।



टाटा स्टील शतरंज:

## विश्व चैंपियन डी गुकेश को रमेशबाबू प्रज्ञानानंदा ने हराया

**विज्क आन जी (नीदरलैंड)/भाषा।** ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानानंदा ने आठ घंटे के विश्व स्तरीय प्रदर्शन वाले इस तरह के 'अजीब दिन' की कल्पना नहीं की थी जिसके बाद उन्होंने मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर अपना पहला टाटा स्टील शतरंज खिताब जीत लिया। प्रज्ञानानंदा ने मुकाबले के बाद कहा, ''यह बहुत लंबा था, करीब आठ घंटे, पहली बाजी ही लगभग साढ़े छह घंटे तक चली और फिर ब्लिट्ज बाजी, यह एक अजीब दिन था।'' उन्होंने इस जीत के प्रभाव के बारे में कहा, ''शतरंज की दुनिया में यह एक बहुत ही खास प्रतियोगिता है और मैंने बड़े होते हुए इस टूर्नामेंट के मुकाबले देखे हैं। पिछले साल चीजें मेरे हिसाब से नहीं रहीं थी इसलिए मैं इस टूर्नामेंट के लिए प्रेरित था।'' भारतीय ग्रैंडमास्टर ने कहा, ''मुझे लगता है कि मेरे खेल में यह दिखा कि मैं सभी बाजियों में लड़ने की कोशिश को लेकर काफी महत्वाकांक्षी था इसलिए हमने कई नतीजे वाली बाजियां देखीं।'' प्रज्ञानानंदा ने छह बाजी जीती और पांच ड्रॉ खेली। उन्हें दो बाजियों में हार का सामना करना पड़ा।

## अब तक 2000 रुपए के 98.15 प्रतिशत नोट वापस लौटे : आरबीआई

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि चलन से हटाए जा चुके 2000 रुपए के 98.15 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं और अब केवल 6,577 करोड़ रुपए के ऐसे नोट ही लोगों के पास मौजूद हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपए के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई ने बयान में कहा कि नोट वापस लेने की घोषणा के दिन कारोबार बंद होने के समय कुल 3.56 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 2000 रुपए के नोट मौजूद थे। यह आंकड़ा 31 जनवरी, 2025 को कारोबार बंद होने के समय घटकर 6,577 करोड़ रुपए रह गया है। आरबीआई ने कहा, इस तरह 19 मई, 2023 तक चलन में रहे 2000 रुपए के नोटों में से कुल 98.15 प्रतिशत वापस आ चुके हैं। रिजर्व बैंक ने 2000 रुपए के नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा सात अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध कराई थी। यह सुविधा अब भी रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है।

# आधुनिक दौर की क्रांति में भाग लेकर चीन को मात देनी होगी : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मेक इन इंडिया' को लेकर प्रयास जरूर किया, लेकिन यह विचार विफल रहा क्योंकि विनिर्माण दर घट गई।

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को देश के लिए वैकल्पिक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि वंचित वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित कर और इलेक्ट्रिक वाहन, डेटा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आईए) से जुड़ी आधुनिक युग की क्रांति में भाग लेकर चीन को पछाड़ा जा सकता है। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मेक इन इंडिया' को लेकर प्रयास जरूर किया, लेकिन यह विचार विफल रहा क्योंकि विनिर्माण दर घट गई।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यह भी कहा कि देश बेरोजगारी की समस्या का समाधान नहीं कर पाया है और इस बारे में युवाओं कोई स्पष्ट जवाब देने में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दोनों की सरकारें विफल रही हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में कुछ नया नहीं था और यह पिछले कुछ सालों की तरह ही था।

राहुल गांधी ने कहा, मैंने राष्ट्रपति का अभिभाषण सुना। मुझे कहना होगा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान जो कहा जा रहा था, उस पर अपना ध्यान बनाए रखने के लिए मुझे संघर्ष करना पड़ा, क्योंकि मैंने लगभग वही अभिभाषण पिछले साल और उससे पहले के साल भी सुना था। उनका कहना था कि विपक्षी 'इंडि' गठबंधन की सरकार होती तो यह अभिभाषण इस तरह का नहीं होता।

कांग्रेस नेता ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं द्वारा तय होगा, इसलिए कुछ भी कहा जाए तो उसमें युवाओं पर जोर होना चाहिए था।

राहुल गांधी ने कहा, हम बेरोजगारी की समस्या को सुलझा नहीं पाए हैं, न तो संप्रग सरकार बेरोजगारी को लेकर युवाओं को कोई स्पष्ट जवाब दे पाई और ना ही राजग सरकार कुछ कर पाई...मेरी इस बात से प्रधानमंत्री भी सहमत होंगे।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दौरान सदन में उपस्थित थे।

राहुल ने कहा, प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' की पहल की। यह अच्छा विचार था, प्रधानमंत्री ने प्रयास किया, लेकिन यह प्रयास विफल रहा। राहुल गांधी ने कहा, एक देश के रूप में हम विनिर्माण में विफल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि विनिर्माण का काम चीन की कंपनियों को दे दिया गया है। राहुल गांधी ने मोबाइल फोन दिखाते हुए कहा, यह मेड इन इंडिया नहीं, बल्कि 'असेंबल्ड इन इंडिया' है।

ट्रंप के शपथग्रहण समारोह संबंधी मामले को लेकर

## राहुल गांधी पर झूठ बोलने का विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लगाया आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया, जिन्होंने कहा था कि दिसंबर में जयशंकर की वाशिंगटन यात्रा का उद्देश्य प्रधानमंत्री के लिए डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह के न्योते का प्रबंध करना था।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए गांधी ने लोकसभा में कहा, हम अपने विदेश मंत्री को प्रधानमंत्री के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथग्रहण समारोह का न्योता लाने के लिए अमेरिका नहीं भेजेंगे।

जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिसंबर 2024 की मेरी अमेरिका यात्रा के बारे में जानबूझकर झूठ बोला। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने तत्कालीन विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात करने और भारत के महावाणिज्य दूतों की बैठक की अध्यक्षता करने के लिए अमेरिका का दौरा किया था। उन्होंने कहा, मेरी यात्रा के दौरान भावी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से मुलाकात हुई थी। जयशंकर ने कहा, किसी भी स्तर पर प्रधानमंत्री को निमंत्रण देने के बारे में चर्चा नहीं की गई। यह सर्वविदित है कि हमारे प्रधानमंत्री ऐसे कार्यक्रमों में शामिल नहीं होते। वास्तव में, भारत का प्रतिनिधित्व आमतौर पर विशेष दूत करते हैं।

## आईआईटी मद्रास ने अपनी तरह का पहला कैंसर जीनोम डेटाबेस जारी किया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास ने कैंसर पर शोध में मदद के लिए सोमवार को अपनी तरह का पहला कैंसर जीनोम डेटाबेस जारी किया। आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि के अनुसार, कैंसर के उच्च मामले होने के बावजूद, वैश्विक कैंसर जीनोम अध्ययनों में भारत का प्रतिनिधित्व कम रहा है। भारत में प्रचलित कैंसरों की जीनोमिक संरचना के अभाव में, भारतीय कैंसर के विशिष्ट आनुवंशिक रूपों को किसी भी नैदानिक किट और दवा विकास के लिए पर्याप्त रूप से एकत्रित और सूचीबद्ध नहीं किया जाता। कामकोटि ने कहा, भारत में विभिन्न कैंसर के लिए जीनोमिक परिदृश्य में अंतर को भरने के लिए, आईआईटी मद्रास ने 2020 में कैंसर जीनोम कार्यक्रम शुरू किया। इस कार्यक्रम के तहत, देश भर में स्तन कैंसर से पीड़ित 480 मरीजों से एकत्र किए गए ऊतक नमूनों में से 960 का संपूर्ण एक्सोम अनुक्रमण पूरा हो गया है। उन्होंने कहा, हम एक और स्वास्थ्य संबंधी डेटा जारी कर रहे हैं, यह इस शैक्षणिक वर्ष का दूसरा डेटा है। मस्तिष्क डेटा के बाद कैंसर जीनोम डेटा।

## ट्रंप ने मेक्सिको पर आयात शुल्क वृद्धि को एक माह रोका, कनाडा और चीन को राहत नहीं

**वाशिंगटन/एपी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको पर लगाए गए योजनाबद्ध शुल्क को एक महीने के लिए रोक दिया है।

मेक्सिको के राष्ट्रपति क्लॉउडिया शिनबाम ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया। 'व्हाइट हाउस' ने भी एक बयान में इसकी पुष्टि की है।

शिनबाम ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मेक्सिको तुरंत नेशनल गार्ड के 10,000 सदस्यों की तैनाती के साथ उत्तरी सीमा को मजबूत करेगा, ताकि मेक्सिको से अमेरिका में फेंटेनाइल सहित मादक पदार्थों की तस्करी को रोका जा सके।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका भी मेक्सिको में शक्तिशाली हथियारों की तस्करी रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। मेक्सिको की राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देश सुरक्षा और व्यापार पर बातचीत जारी रखेंगे।



दूसरी ओर कनाडा और चीन के खिलाफ ट्रंप द्वारा घोषित शुल्क मंगलवार से लागू होने वाले हैं। ऐसे में वैश्विक व्यापार को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है कि क्या शुल्क एक व्यापक व्यापार युद्ध में बदल सकता है। गौरतलब है कि ट्रंप ने आने वाले समय में और अधिक आयात कर लगाने का वादा किया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि उन्होंने ''सोमवार सुबह कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से बात की और वह दोपहर तीन बजे फिर उनसे बात करेंगे।'' कनाडा और मेक्सिको ने अमेरिकी कार्रवाइयों के जवाब में अमेरिका के खिलाफ शुल्क लगाने की योजना बनाई थी, लेकिन मेक्सिको फिलहाल ऐसा नहीं कर रहा है। ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर कड़े शुल्क लगाने संबंधी एक आदेश पर शनिवार को हस्ताक्षर किए थे।



# दीक्षा महोत्सव हेतु साधु साध्वियों ने विल्सन गार्डन संघ में किया प्रवेश

## 10 फरवरी को गणेश बाग में होगी मुमुक्षु संतोष की दीक्षा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपप्रवर्तकश्री नरेशमुनिजी, शालिभद्रमुनिजी व साध्वीश्री प्रतिभाश्रीजी ने 10 फरवरी को होने वाली दीक्षा महोत्सव के लिए स्थानकवासी जैन श्रावक संघ विल्सन गार्डन में मंगल प्रवेश किया। ज्ञातव्य है कि विल्सन गार्डन संघ के तत्वावधान में नरेशमुनिजी आदि संतों के सान्निध्य में 10 फरवरी को बल्लारी की मुमुक्षु संतोष कर्नावट की दीक्षा भगवान महावीर रोड स्थित गणेश बाग में निश्चित है।

दीक्षा महोत्सव के उपलक्ष्य में साधु साध्वियों के साथ प्रकाशचन्द मुकेशकुमार बम्ब के निवास स्थान से मुमुक्षु ने शोभायात्रा के साथ विल्सन गार्डन में प्रवेश किया। प्रवेश के पश्चात धर्मसभा का आयोजन किया गया जिसमें नरेशमुनिजी ने कहा कि अनंत आत्माओं ने संयम मार्ग पर चलकर परमात्मा पद प्राप्त किया है। ऐसे ही संयम दुर्लभ पद को प्राप्त करने के लिए मुमुक्षु संतोष उत्सुक बनी है। मुनिश्री शालिभद्रजी व डॉ प्रतिभाश्री ने कहा कि 18 पापों का त्याग कर मुमुक्षु संयम पथ पर अग्रसर हो रही हैं। हमें भी उनके अनुमोदनार्थ संयम व संघ के कार्यों में उत्साह से भाग लेना है।संतों के समागम से पुण्यवाणी बढ़ती है। विल्सन गार्डन संघ भाग्यशाली है जिसे यह संयम का कार्य अर्थात दीक्षा करवाने का मौका मिला है। इस आयोजन में हम सभी को उत्साह से भाग लेना है। साध्वियों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। राजुल महिला मंडल ने नवकार मंत्र व प्रेरणा बहु मंडल ने मंगल गीत गाया। दीक्षा को लेकर विल्सन गार्डन में विशेष उत्साह छाया है। संघ के चेयरमैन मीठालाल मकाना ने सभी उपस्थित जनों को दीक्षा कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया। अध्यक्ष नेमीचन्द भंसाली ने सभी का स्वागत किया। मंत्री सज्जन बोहरा ने धन्यवाद दिया।

# 'आप' के केंद्र से लड़ते रहने के कारण दिल्ली पीछे रह गई : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में 'डबल इंजन' की भाजपा सरकार वाले राज्यों ने प्रगति की है लेकिन दिल्ली पीछे रह गई, क्योंकि आम आदमी पार्टी (आप) बहाने बनाती रहती है और केंद्र से लड़ती रहती है।

जंगपुरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को ''बड़े मियां और छोटे मियां'' करार दिया और उनपर दिल्ली को ''लूटने'' का आरोप लगाया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, पिछले 10 साल में 'डबल इंजन' की भाजपा सरकार वाले राज्यों ने तरक्की की है। दिल्ली पीछे छूट गई, वे बहाने बनाते रहते हैं और बबुआ सा मुंह बनाकर केंद्र से लड़ते रहते हैं। जंगपुरा विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तरविंदर सिंह मारवाह के खिलाफ चुनाव लड़ रहे सिसोदिया पर प्रहार करते हुए शाह ने कहा कि वह (सिसोदिया) देश में ऐसे एकमात्र (पूर्व) शिक्षा मंत्री हैं, जो आबकारी घोटाले के सिलसिले में जेल गए। उन्होंने कहा, सिसोदिया ने क्लासरूम के नाम पर घोटाला करके दिल्ली के बच्चों का भविष्य बर्बाद कर दिया। भाजपा की सरकार आते ही उन्हें पाई-पाई का हिसाब देना पड़ेगा। जंगपुरा में लोगों का उत्साह दिखाता है कि दिल्ली 'आप'दा मुक्त होने जा रही है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों से झूठ बोला और राष्ट्रीय राजधानी को केवल कचरा, जहरीला पानी और




भ्रष्टाचार दिया। उन्होंने कहा कि ''बड़े मियां और छोटे मियां'' ने झूठे वादे करके दिल्ली को लूटा और ''वे दोनों चुनाव हारने जा रहे हैं। उन्होंने आप को डूबता जहाज करार देते हुए कहा पार्टी के 50 प्रतिशत विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। शाह ने दावा किया कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो दिल्ली को विश्व स्तरीय राजधानी बना सकती है। बिजवासन में भाजपा के कैलाश गहलोत के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने स्थानीय बुनियादी ढांचे की खराब स्थिति के लिए आप सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, बारिश के दौरान आधी दिल्ली डूब जाती है। लोग अभी भी विश्व स्तरीय जल निकासी व्यवस्था, स्कूल, खेल विश्वविद्यालय और लंदन जैसी सड़कों की उम्मीद कर रहे हैं, जिसका वादा केजरीवाल ने उनसे किया था। शाह ने हरियाणा पर यमुना के पानी को दूषित करने का झूठा आरोप लगाने के लिए केजरीवाल की आलोचना की तथा कहा कि यह दिल्ली और पड़ोसी क्षेत्रों में रहने वाले सभी हरियाणावासियों का अपमान है। उन्होंने यमुना में डुबकी लगाने का वादा पूरा करने में विफल रहने को लेकर भी केजरीवाल पर निशाना साधा। शाह ने चुटकी लेते हुए कहा, केजरीवाल ने डुबकी नहीं लगाई, इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने यमुना नदी में उनके 'कटआउट' की डुबकी लगवा दी। उन्होंने पाया कि नदी में प्रदूषण के कारण 'कटआउट' इतना बीमार हो गया कि उसे एम्स में भर्ती कराना पड़ा।

## विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




अब दृष्टिबाधित लोग भी भारतीय संविधान को ब्रेल लिपि में पढ़ सकते हैं। बेंगलूरु के सीआईआई यंग इंडियनस् व शंकरा आई अस्पताल के सहयोग से ब्रेल लिपि में प्रकाशित किए गए ब्रेल मित्र भारतीय संविधान की एक प्रति का विमोचन कर्नाटक के राज्यपाल थावरचन्द गहलोत ने किया। इस मौके पर यंग इंडियनस व अस्पताल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार थमा, पांच फरवरी को होगा मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली विधानसभा के लिए पांच फरवरी को होने वाले चुनाव का प्रचार सोमवार शाम छह बजे समाप्त हो गया। सोमवार को तीनों प्रमुख दलों के बड़े नेताओं ने मतदाताओं को रिझाने के लिए अंतिम प्रयास के तहत रोड शो, जनसभाएं, पदयात्राएं कीं और बाइक रैलियां निकालीं।

दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए बुधवार को सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा। आम आदमी पार्टी (आप) अपने वादों और कल्याणकारी योजनाओं के दम पर लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के प्रति आश्वस्त है। सोमवार को चुनाव प्रचार के आखिरी दिन, आप' नेता अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के निर्वाचन क्षेत्र कालकाजी समेत तीन इलाकों में रैलियों को संबोधित किया। दिल्ली में 25 साल से ज्यादा समय बाद सत्ता हासिल करने के इरादे से उतरी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शहर में 22 रोड शो और रैलियां कीं। सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और पार्टी के कई मुख्यमंत्रियों ने प्रचार किया।

पिछले दो चुनावों में कोई भी सीट जीतने में विफल रही कांग्रेस ने भी अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिशें कीं। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने राजधानी में पार्टी की खोई हुई जमीन फिर से हासिल करने के उद्देश्य से कालकाजी और कस्तूरबा नगर में अलग-अलग रोड शो किए। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, 13,766 मतदान केंद्रों पर 1.56 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिनमें 83.76 लाख पुरुष, 72.36 लाख महिलाएं और 1,267 'तृतीय लिंग' मतदाता हैं। आयोग ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए 733 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

## शिवपुरी में मंदिर में आयोजित भोज में खाना खाने से 170 लोग बीमार

**शिवपुरी/भाषा।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में एक मंदिर में आयोजित भोज में खाना खाने से कम से कम 170 लोग बीमार पड़ गए। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि प्रभावित लोग मामोनी कला ग्राम पंचायत के विभिन्न गांवों के निवासी हैं। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी संजय ऋषेश्वर के मुताबिक, शनिवार को शिवपुरी के एक मंदिर में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न गांवों के लोग पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ग्रामीण खाद्य विषाक्तता के कारण बीमार पड़े हैं।

हालांकि, ऋषेश्वर ने कहा कि भोजन के नमूने एकत्र किए गए हैं और जांच रिपोर्ट आने के बाद लोगों के बीमार पड़ने के वास्तविक कारण की पुष्टि होगी। उन्होंने बताया कि उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत करने वाले 170 लोगों की जांच की गई और उनका इलाज जारी है। ऋषेश्वर के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर नजर रख रहा है और मामोनी कला, लड़ैपुरा और तर्पण का पुरबा गांवों में छह चिकित्सकों की टीम तैनात की गई है। ममोनी कला ग्राम पंचायत की सरपंच के पति विनोद मिश्रा ने कहा कि सामूहिक भोज में खाना खाने से 200 लोग बीमार पड़ गए।

# केंद्रीय विश्वविद्यालयों में छात्रावास आवंटन में कोई असमानता नहीं: सरकार ने लोकसभा में कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को केंद्रीय विश्वविद्यालयों में छात्रों को छात्रावास के आवंटन में किसी भी तरह की असमानता की बात को खारिज कर दिया।

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में छात्रावास आवंटन के लिए स्थापित नियम और दिशानिर्देश हैं जिसमें एक पारदर्शी, वरीयता आधारित और समानता पूर्ण आवंटन प्रक्रिया होती है। मजूमदार ने कहा, केंद्रीय विश्वविद्यालयों में छात्रों को छात्रावासों के आवंटन में कोई विसंगति सरकार के संज्ञान में नहीं आई है। केंद्रीय विश्वविद्यालय स्वायत्त निकाय हैं, जो संसद के अधिनियमों द्वारा स्थापित हैं और उनके संबंधित अधिनियमों, विधियों और उनके तहत बनाए गए अध्यादेशों के प्रावधानों द्वारा शासित हैं। उन्होंने कहा, छात्रावासों का आवंटन विश्वविद्यालयों द्वारा उनके संबंधित नियमों, विनियमों और अध्यादेशों के अनुसार किया जाता है।

केंद्रीय विश्वविद्यालयों में छात्रावास आवंटन के लिए स्थापित मानदंड और दिशानिर्देश हैं, जो पारदर्शी, योग्यता-आधारित और न्यायसंगत आवंटन प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि छात्रों को आवंटन में प्राथमिकता विभिन्न कारकों पर आधारित होती है जिनमें आवास की दूरी, अकादमिक प्रदर्शन, सामाजिक श्रेणी आदि शामिल हैं।

## भारत की कर्ज घटाने की रफ्तार धीमी, बड़े आर्थिक झटके से साख में कमी का जोखिम : फिच

**नई दिल्ली/भाषा।** फिच रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि भारत की कर्ज घटाने की रफ्तार धीमी है, जिससे बड़े आर्थिक झटके की स्थिति में सरकार की साख में गिरावट का जोखिम बना हुआ है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने मध्यम अवधि में भारत के राजकोषीय रूपरेखा पर टिके रहने की क्षमता पर भरोसा जताया, जिसका मकसद कर्ज को कम करना और समय के साथ इसे नीचे लाना है।

फिच रेटिंग्स के भारत में निदेशक और प्राथमिक सॉवरेन विश्लेषक जेरेमी जूक ने आम बजट 2025-26 पर टिप्पणी करते हुए कहा, इस बात पर भरोसा बढ़ रहा है कि सरकार मध्यम अवधि में राजकोषीय रूपरेखा का पालन कर सकती है और कर्ज को नीचे की ओर रख सकती है। यह समय के साथ सरकारी साख के लिए सकारात्मक होगा। फिर भी, कर्ज में कमी की रफ्तार धीमी है, जो बड़े आर्थिक झटके से जोखिम की गुंजाइश बनाती है। फिच ने स्थिर दृष्टिकोण के साथ भारत की सरकारी साख को 'बीबीबी-' पर रखा है।

## सरकार को मणिपुर को साथ लेकर चलना होगा : अकोइजम



**नई दिल्ली/भाषा।** आंतरिक मणिपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद एंगोमचा बिमोल अकोइजम ने अपने राज्य में असामान्य हालात के बावजूद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण में इसके बारे में कोई उल्लेख नहीं होने पर नाखुशी जताते हुए कहा कि सरकार को मणिपुर को साथ लेकर चलना होगा और इसे एक अपवाद स्वरूप मामले की तरह देखना होगा। लोकसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए अकोइजम ने कहा, मैं राष्ट्रपति अभिभाषण में मणिपुर के बारे में कुछ बातों की उम्मीद कर रहा था। लेकिन सत्तापक्ष ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी। राष्ट्रपति के अभिभाषण में समावेश की बात कही गई है, लेकिन सच यह है कि यह सरकार समावेशी राजनीति में विश्वास नहीं रखती। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल के सांसदों में और सरकार में एक भी मुस्लिम सदस्य नहीं है जबकि देश में 15 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है और इससे सरकार के समावेश के दावे का पता चल जाता है।

कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि मणिपुर के मुख्यमंत्री कहते हैं कि राज्य का हिस्सा उनके नियंत्रण में है और एक हिस्सा केंद्रीय गृह मंत्री की कमान में है। उन्होंने कहा कि यह संविधान के मद्देनजर अनुचित है। चर्चा में भाग लेते हुए शिवसेना (उबाठा) के सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि सरकार हर बार 'सभी के लिए घर' की बात करती है, लेकिन झुग्गी में रहने वालों की स्थिति वैसी ही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार का हर कदम राजनीतिक होता है, सामाजिक नहीं।

# मध्यप्रदेश में सात मार्च से लगेंगे भगोरिया हाट, होली से पहले हजारों आदिवासी उल्लास में डूबेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंदौर/भाषा।** होली के त्योहार से ऐन पहले पश्चिमी मध्यप्रदेश के आदिवासियों के फागुनी उल्लास की रंगारंग झांकी पेश करने वाले पारंपरिक भगोरिया हाटों का सिलसिला इस बार सात मार्च से शुरू होगा। ये हाट झाबुआ, अलीराजपुर, धार, खरगोन और बड़वानी जैसे आदिवासी बहुल जिलों के 100 से ज्यादा स्थानों पर लगाए जाते हैं। आदिवासियों की संस्कृति की चटख छटाएं निहारने के लिए इन हाटों में देश-विदेश के सैलानी उमड़ते हैं।

जनजातीय संस्कृति के जानकार अनिल तंवर ने सोमवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पश्चिमी मध्यप्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में भगोरिया हाट सात मार्च से 13 मार्च के बीच अलग-अलग दिन लगेंगे। उन्होंने बताया कि ये हाट लगाने की परंपरा करीब 200 साल पहले शुरू होने के प्रमाण मिलते हैं। तंवर के मुताबिक, भगोरिया हाटों का सिलसिला होलिका दहन से हफ्ते भर पहले शुरू हो जाता है। आदिवासी पूरे साल भले ही किसी भी स्थान पर काम करें, भगोरिया हाटों में शामिल होने के लिए वे पूरे परिवार के साथ अपने गांव जरूर लौटते हैं। हजारों लोगों की भीड़ वाले भगोरिया हाटों की रौनक इतनी ज्यादा होती है कि ये हाट बड़े मेलों की तरह नजर आते हैं। आदिवासी टोलियां ढोल और मांदल (पारंपरिक बाजा) की थाप तथा बांसुरी की स्वर लहरियों पर थिरकते हुए इन हाटों में पहुंचती हैं। आदिवासी युवक-युवती पारंपरिक वेश-भूषा में उत्साह से भगोरिया हाटों में शामिल होते हैं। इन हाटों के लिए युवाओं की कई टोलियों के 'ड्रेस कोड' भी तय होते हैं। ताड़ी (ताड़ के पेड़ के रस से बनी शराब) के बगैर भगोरिया हाटों की कल्पना भी नहीं की जा सकती। दूधिया रंग का यह मादक पदार्थ इन हाटों में शामिल आदिवासियों की मस्ती को सातवें आसमान पर पहुंचा देता है।

## सूखाग्रस्त क्षेत्रों में जल संसाधन प्रबंधन के लिए एआई का उपयोग किया जाएगा : पाटिल



**नई दिल्ली/भाषा।** जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि उनका मंत्रालय सूखाग्रस्त क्षेत्रों में जल संसाधन प्रबंधन और बारिश के पानी के संचयन को बढ़ाने के लिए कृत्रित बुद्धिमत्ता (एआई) और 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' का उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि सूखाग्रस्त क्षेत्रों में जल संसाधन प्रबंधन और वर्षा जल संचयन में सुधार के लिए कृत्रित बुद्धिमत्ता आधारित उपकरणों का उपयोग, दूरस्थ संवेदी और एआई-आधारित फसल निगरानी, स्वचालित स्मार्ट सिंचाई प्रणाली प्रणाली आदि का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित लिखित उत्तर में राज्यसभा में कहा कि उन्नत एआई संवर्धित मॉडल भूजल के संबंध में बेहतर जानकारी प्रदान कर सकते हैं, प्रदूषण और जल की कमी से ग्रस्त संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर सकते हैं।

## दिल्ली चुनाव में भाजपा की 'गलत हरकतों' को पकड़ने के लिए हमने जासूसी कैमरे बांटे हैं : केजरीवाल



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में मतदान से दो दिन पहले आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके गुंडों की 'गलत हरकतों' और 'चुनावी गड़बड़ियों' को पकड़ने के लिए झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों के बीच जासूसी कैमरे और 'बॉडी कैमरे' वितरित किए हैं। पांच फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार के अंतिम दिन जारी एक वीडियो संदेश में केजरीवाल ने कहा कि 'आप' ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है और भाजपा अपनी सबसे बुरी हार की ओर बढ़ रही है और इसीलिए वह ''अनुचित हथकंडे'' अपना रही है।

'आप' प्रमुख ने कहा, हमने झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को जासूसी कैमरे और 'बॉडी' कैमरे बांटे हैं ताकि भाजपा के गुंडों की करतूतों को रिकॉर्ड किया जा सके। हमने कई त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) भी बनाए हैं जो असंवैधानिक गतिविधियों को रोकने और अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए 15 मिनट के भीतर ऐसे स्थानों पर पहुंचेंगे। उन्होंने दावा किया, भाजपा चुनाव जीतने के लिए अपने गुंडों और दिल्ली पुलिस का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करेगी।

## तेलुगू फिल्म निर्माता के.पी चौधरी गोवा में मृत मिले, जांच जारी

**पणजी/भाषा।** तेलुगू फिल्म निर्माता के.पी चौधरी सोमवार को उत्तरी गोवा के एक गांव में किराए के मकान में मृत मिले। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (उत्तर) अक्षत कौशल ने संवाददाताओं को बताया कि तेलुगु में रजनीकांत अभिनीत कबाली के लिए जाने जाने वाले चौधरी (44) का शव सिओलिम गांव में किराए के घर में फंदे से लटका हुआ मिला।

उन्होंने बताया कि अंजुना थाने की सिओलिम चौकी को मौत की सूचना मिली और आगे की जांच जारी है।

अधिकारी ने कहा, उचित समय पर विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

'साइबराबाद स्पेशल ऑपरेशन टीम' ने 2023 में मादक पदार्थ मामले में चौधरी को गिरफ्तार किया था।



## 'सूद चैरिटी फाउंडेशन' ने आंध्र प्रदेश को चार एंबुलेंस दान कीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमरावती/भाषा।** लोकप्रिय अभिनेता और समाज-सेवी सोनू सूद द्वारा संचालित 'सूद चैरिटी फाउंडेशन' ने सोमवार को आंध्र प्रदेश राज्य को चार एंबुलेंस दान कीं।

सोनू सूद ने सचिवालय में मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की और उन्हें एंबुलेंस सौंपी। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, मुख्यमंत्री ने एंबुलेंस दान करने के लिए सोनू सूद की सराहना की, जिससे आपात स्थिति के दौरान मरीजों को अस्पताल पहुंचाने और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलेगी। सोनू सूद ने इच्छा जताई कि जब लोग की तबीयत खराब होगी तो ये एंबुलेंस उन्हें राहत पहुंचाने में काम आएंगी।

# 'दिल्ली मॉडल' विफल, लोग पीने के पानी और नाले के पानी में अंतर नहीं कर सकते हैं : चंद्रबाबू नायडू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर सोमवार को तीखा हमला करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास की कमी को लेकर उस पर निशाना साधा और दिल्ली मॉडल को ''पूरी तरह विफल'' करार दिया।

नायडू की पार्टी तेदेपा केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी है। उन्होंने 'आप' सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दिल्ली में ''हाफ इंजन वाली सरकार'' है और विकास हासिल करने के लिए ''डबल इंजन वाली सरकार'' की जरूरत है। राष्ट्रीय राजधानी में



चुनाव प्रचार के बाद नायडू ने पत्रकारों से बातचीत में पिछले दशक में राजधानी में बुनियादी ढांचे के विकास की कमी पर प्रकाश डाला। उन्होंने दावा किया कि 'अमृत' और 'जल जीवन मिशन' जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं के बावजूद दिल्ली में आप ''पीने के पानी और नाले के पानी में अंतर नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों योजनाओं को इसलिए लागू नहीं किया गया, क्योंकि इसका श्रेय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार को जाता। यहां तक कि स्वच्छ भारत मिशन भी यहां लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि ''दिल्ली को मौसम और राजनीतिक प्रदूषण'' ने जकड़ रखा है। नायडू ने कहा कि विचारधारा नहीं, बल्कि प्रदर्शन और बेहतर जीवन स्तर प्रासंगिक होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, दिल्ली में गरीब लोगों को सोचना होगा कि क्या वे बिना उचित सुविधाओं और अवसरों के हमेशा हमेशा के लिए झुग्गियों में रहना चाहते हैं। उन्होंने धन सृजन के बिना कल्याणकारी राजनीति के टिकाऊपन पर भी सवाल उठाया।



बेंगलूरु में सोमवार को कर्नाटक मीडिया अकादमी के कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित करते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार के.वी. प्रभाकर, सूचना एवं जनसंपर्क आयुक्त हेमंत निंबालकर, मीडिया अकादमी की अध्यक्ष आयशा खानम आदि उपस्थित थे।

# पत्रकारों को प्राथमिकता के आधार पर साइट देने की योजना : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि पत्रकारों को प्राथमिकता के आधार पर साइट देने की पहल की घोषणा जल्द ही की जाएगी। कर्नाटक मीडिया अकादमी द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा, हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों में पत्रकारों को प्राथमिकता के आधार पर साइट देने पर विचार कर रही है। हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। मैं यह बात बेंगूलरु विकास मंत्री के तौर पर कह रहा हूं। हमारी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बस पास पहले ही जारी कर दिए हैं। हम पत्रकारों को स्वास्थ्य बीमा कवर देने पर भी विचार कर रहे हैं।

कर्नाटक जैसी प्रेस स्वतंत्रता किसी अन्य राज्य में नहीं दी जाती। मीडिया चौथा स्तंभ है और हम आपके बिना नहीं रह सकते। मीडिया जब चाहे नेताओं को उठा लेता है और जब चाहे नेताओं को छोड़ देता है।

पिछली सरकार ने पत्रकारों के लिए कई पुरस्कार जैसे टीएसआर पुरस्कार, मोहरे हनुमंतराय पुरस्कार और विकास पत्रकारिता पुरस्कार नहीं दिए थे। हम जल्द ही इन्हें प्रदान करेंगे। हमने इन पुरस्कारों के लिए नकद राशि बढ़ाने का भी फैसला किया है। उन्होंने कहा, पत्रकारों में सच लिखने और सच कहने की शक्ति होती है। चाहे वह राजनेता हो या पत्रकार, उसे सच का सम्मान करना चाहिए। मीडिया को पूरी स्वतंत्रता है और यह किसी नेता को बना या बिगाड़ सकता है। आज फर्जी खबरों को रोकना एक बड़ी चुनौती है। मेरी बेटी मीडिया प्रबंधन के लिए एक नया कोर्स शुरू करने पर विचार कर रही है ताकि प्रबंधन की गुणवत्ता में सुधार हो सके। हम एक मास कम्युनिकेशन कोर्स भी शुरू करेंगे। उन्होंने कहा, मीडिया को राज्य के हितों से समझौता किए बिना काम करना चाहिए। कर्नाटक और बेंगलुरु राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# माइक्रोफाइनेंस कंपनियों द्वारा गरीबों पर अत्याचार रोकने के लिए अध्यादेश : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि सरकार ने कर्ज वसूली के नाम पर माइक्रोफाइनेंस कंपनियों द्वारा गरीबों पर अत्याचार रोकने के लिए अध्यादेश लाने की योजना बनाई है। सदाशिवनगर स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, हमारी सरकार माइक्रोफाइनेंस कंपनियों को कानून अपने हाथ में लेने और गुंडों का इस्तेमाल कर गरीबों पर अत्याचार करने की इजाजत नहीं देगी। हम पुलिस को इससे निपटने के लिए और अधिक अधिकार देंगे।

सरकार की चेतावनियों के बावजूद अत्याचार जारी रहने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, बेलगावी, बीदर, मैसूर, रामनगर में माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री पहले ही इस संबंध में कड़ी चेतावनी जारी कर चुके हैं। अध्यादेश तैयार है और इसे कुछ दिनों में राज्यपाल के पास भेज दिया जाएगा। हमने हर जिला मुख्यालय में हेल्पलाइन भी शुरू की है। सीएम इस बारे में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला



सीतारमण के बयान के बारे में पूछे जाने पर उपमुख्यमंत्री ने कहा, यह समझना महत्वपूर्ण है कि केंद्र ने कितना कर्ज लिया है। हमारी राज्य सरकार का कर्ज ज्यादा नहीं है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया है कि गारंटी योजनाओं के कारण राज्य दिवालिया हो जाएगा, लेकिन हमारे पास मजबूत वित्तीय स्थिति है। गारंटी योजनाएं लोगों के लिए हैं, वोट के लिए नहीं। उन्हें बताना चाहिए कि केंद्रीय बजट में राज्य को क्या दिया गया है। अपर भद्रा परियोजना के लिए धन जारी न किए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, किसी को अपना वचन निभाना पड़ता है। पहले उन्हें अपना वादा पूरा करने दें। यह पूछे जाने पर कि क्या कोई जेडीएस विधायक उनके संपर्क में है, उन्होंने कहा, मैंने जेडीएस विधायकों के बारे में बात नहीं की है। मैंने केवल इतना कहा है कि जेडीएस विधायकों को अपना भविष्य खुद देखना चाहिए। कार्यकर्ता कब तक इंतजार करेंगे। वे धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करते हैं और उन्हें गठबंधन करने के लिए एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी की जरूरत है। जेडीएस के कई कार्यकर्ता हमारे साथ जुड़ने के लिए आगे आए हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कोई जेडीएस विधायक पार्टी में शामिल होने के लिए आगे आया है, उन्होंने कहा, हम इस बारे में बाद में सोचेंगे। कोई भी हमारे संपर्क में नहीं है और मैंने किसी से बात भी नहीं की है। यह गलत सूचना है।

# विजयेंद्र भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बने रहने को लेकर आश्वस्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिव्वमोग्गा। भाजपा की कर्नाटक इकाई के भीतर गुटबाजी के बीच प्रदेश भाजपा प्रमुख विजयेंद्र येडीयुरप्पा अपने पद पर बने रहने को लेकर सोमवार को आश्वस्त नजर आए। उन्होंने इस बात पर सहमति जताई कि आंतरिक मतभेदों के कारण पार्टी को ''काफी नुकसान'' हुआ है।

विजयेंद्र की टिप्पणी ऐसे समय आई जब बीजापुर शहर से विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल और गोकाक से विधायक रमेश जारकीहोली के नेतृत्व में पार्टी का एक गुट नयी दिल्ली में पार्टी आलाकमान से मुलाकात कर सकता है। यह गुट विजयेंद्र का विरोधी है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''भाजपा में आंतरिक लोकतंत्र है। यदि किसी राजनीतिक दल में संगठनात्मक चुनाव व्यवस्थित तरीके से होते हैं तो केवल भाजपा में ही होते हैं।



मंडल स्तर से लेकर जिला स्तर, प्रदेश अध्यक्ष चुनाव से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव तक व्यवस्थित तरीके से होते हैं, जैसा कि राष्ट्रीय नेतृत्व तय करता है।''

विजयेंद्र ने कहा कि पार्टी की प्रदेश इकाई के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पिछले वर्ष के दौरान ''भ्रष्ट और दुष्ट'' कांग्रेस सरकार के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा, ''मैंने अपने पिछले एक साल के कार्यकाल में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कैसा प्रदर्शन किया है, यह राज्य की जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं, विधायकों और नेताओं तथा नेतृत्व को पता है।''

विजयेंद्र ने कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि सभी के सहयोग से मैं प्रदेश अध्यक्ष पद पर बना रहूंगा और पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। मुझे पूरा विश्वास है।'' उन्हें नवंबर 2023 में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

उनकी पदोन्नति से भाजपा में कई लोगों में नाराजगी है और कई वरिष्ठ नेताओं ने बार-बार उनके नेतृत्व एवं उनकी कार्यशैली के खिलाफ असंतोष व्यक्त किया है। शिकारीपुरा से विधायक विजयेंद्र इस नाराजगी को दूर करने में असमर्थ रहे हैं। कई नेता, खास तौर पर यतनाल और जारकीहोली ने विजयेंद्र की खुलकर आलोचना की है और उन पर सत्तारूढ़ कांग्रेस के साथ ''समायोजन की राजनीति'' करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विजयेंद्र तथा उनके पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येडीयुरप्पा पार्टी को अपने चंगुल में रखने की कोशिश कर रहे हैं।

विजयेंद्र ने कहा, ''पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व हर चीज पर नजर रख रहा है। मुझे विश्वास है कि सबकुछ ठीक होगा और इसका सुखद अंत होगा।''

# अब दृष्टिबाधित लोग भी 'ब्रेल' लिपि में पढ़ सकेंगे भारतीय संविधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने सोमवार को संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय संविधान का 'ब्रेल' लिपि संस्करण जारी किया। यह संस्करण शंकर आई हॉस्पिटल बेंगलूरु और सीआईआई यंग इंडियंस (वाईआई) बेंगलूरु के सहयोग से तैयार किया गया है।

शंकर आई फाउंडेशन इंडिया के चिकित्सा, गुणवत्ता एवं शिक्षा प्रशासन के अध्यक्ष डॉ. कौशिक मुरली ने सोमवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा, इस पहल का उद्देश्य दृष्टिहीन या कमजोर दृष्टि वाले लोगों की सहायता करना है ताकि वे नागरिक के रूप में अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को पढ़ व समझ सकें।

उन्होंने कहा कि ब्रेल संस्करण को प्रमुख संस्थानों में वितरित किया जाएगा, जिससे व्यापक पहुंच सुनिश्चित होगी। सीआईआई यंग इंडियंस में 'एक्सेसिबिलिटी' के राष्ट्रीय अध्यक्ष दर्शन मुथा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य समावेशिता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

# स्कूल में आठ वर्षीय बच्ची के यौन उत्पीड़न के आरोप में दो छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंड्या। यहां जिले में स्थित एक स्कूल के शौचालय में आठ वर्षीय बच्ची के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में उसके एक सहपाठी समेत दो छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह कथित घटना 31 जनवरी को हुई लेकिन यह मामला तब सामने आया जब पीड़िता की मां ने शिकायत दर्ज कराने के लिए रविवार को पुलिस से संपर्क किया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने छात्रा के बयान का हवाला देते हुए बताया कि सरकारी स्कूल की दूसरी कक्षा की छात्रा ने आरोप लगाया है कि दो लड़के उसे शौचालय में ले गए, जहां उन्होंने उसे धमकाया और निर्वस्त्र होने के लिए कहा। आरोप है कि लड़कों ने उसके बाद डंडे से पीड़िता को पीटा और उसके निजी अंगों पर भी वार किया। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों में से एक पीड़िता का सहपाठी है, जबकि दूसरा उच्च कक्षा का छात्र है। अधिकारी के अनुसार, पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी छात्रों ने उसे घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी दी थी, लेकिन बाद में बच्ची ने अपनी मां को इस बारे में बताया। मंड्या के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मल्लिकार्जुन बालादंडी ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर दोनों छात्रों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस स्कूल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देख रही है। हालांकि, पुलिस ने बताया कि लड़की की चिकित्सकीय जांच की रिपोर्ट में उसके निजी अंगों पर ऐसी कोई चोट नहीं पाई गई है, लेकिन आरोपियों के बयान दर्ज किए जाएंगे और उसके अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि ''पीड़िता के बयान की पुष्टि की जा रही है जिसमें कुछ विसंगतियां हैं।'' इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर घटना की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई है और नाबालिगों से दुष्कर्म, महिलाओं पर हमले तथा दिन दहाड़े डकैती की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की।



**उद्घाटन**

चेन्नई के चेपक्कम के अय्या पिल्लई स्ट्रीट में 3 फरवरी को हिंदू धार्मिक धर्मार्थ विभाग के तिरुवल्लिकेनी अरुलमिकु भट्टारथी स्वामी मंदिर की ओर से 94.00 लाख रुपये की लागत से निर्मित 6 फ्लैटों वाली एक नई इमारत का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने किया। इस मौके पर हिंदू धार्मिक धर्मार्थ कार्य मंत्री बी.के. शेखर बाबू, महानगर चेन्नई निगम की महापौर आर. प्रिया, प्रमुख सचिव, पर्यटन, संस्कृति और सरकारी विभाग, डॉ. बी. चंद्रमोहन, आयुक्त, हिंदू धार्मिक धर्मार्थ विभाग, पी.एन. श्रीधर ई. आभा, स्थायी समिति के अध्यक्ष (कार्यकारी) एन. चित्ररासु, क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष एस. मदनमोहन, कैबिनेट सदस्य ए.आर.पी.एम. कामराज उपस्थित थे।

# बजट में तमिलनाडु राज्य में रेलवे के लिए बजट परिव्यय 6,626 करोड़ रुपये है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। यहां केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तमिलनाडु और केरल राज्यों में रेलवे परियोजनाओं के लिए राज्यवार बजटीय आवंटन की घोषणा की।



केंद्रीय मंत्री की प्रेस वार्ता के बाद, दक्षिण रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक कौशल किशोर और बी विश्वनाथ ईर्या ने दक्षिण रेलवे मुख्यालय में उपस्थित पत्रकारों से बातचीत की। दक्षिण रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष, सोमेश कुमार, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर, बेजी जॉर्ज, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, पी. महेश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/परियोजनाएं, सुशील कुमार मौर्य, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण संगठन/एग्मोर, गणेश, प्रमुख मुख्य सुरक्षा अधिकारी, रमा शंकर गहलोत, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, विजय सिंह मीना, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, दक्षिण रेलवे मुख्यालय में आयोजित प्रेस मीट में प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक शिवकुमार, प्रमुख वित्तीय सलाहकार मालबिका घोष, मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक एस. सुब्रमण्यन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सेलम, तिरुचिरापल्ली, मदुरै, तिरुवनंतपुरम और पलक्कड़ डिवीजनों के मंडल रेल प्रबंधकों ने संबंधित मंडल मुख्यालयों से वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।

केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की किवर्ष 2025-26 के लिए तमिलनाडु रेल विकास परियोजनाओं के लिए बजटीय परिव्यय 6,626 करोड़ रुपये है, जो 2009-2014 के लिए आवंटित 879 करोड़ रुपये के औसत परिव्यय का 7.5 गुना है। तमिलनाडु में 33,467 करोड़ रुपये की लागत से 2,587 किलोमीटर में फैली 22 परियोजनाएं प्रगति पर हैं। तमिलनाडु में 77 रेलवे स्टेशनों का अमृत स्टेशन योजना के तहत 2,948 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है। तमिलनाडु राज्य में 1,460 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत से कवच सुरक्षा प्रणालियों को चालू करने के लिए 601 कार्य प्रगति पर हैं।

# एडीजीपी नायक की जान को खतरा मामले में कड़ी कार्रवाई करें द्रमुक सरकार : पलानीस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु में पुलिस भर्ती में अनियमितताओं को उजागर करने के कारण भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी कल्पना नायक को कथित तौर पर जान से मारने की कोशिश के मामले में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने सोमवार को सरकार से इन आरोपों की जांच करने और कड़ी कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया। विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने स्टालिन की द्रमुक सरकार से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) नायक के लिए पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह चौकाने वाला विषय है कि उनके विभाग में अनियमितताओं को



उजागर करने के लिए उनकी जान लेने की कोशिश की गई, और उन्होंने पूछा कि मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के पास इसका क्या जवाब है? सोशल मीडिया पर पोस्ट में अन्नाद्रमुक के शीर्ष नेता ने कहा कि कथित घटना उस पुलिस विभाग पर एक धब्बा है, जो मुख्यमंत्री के अधीन काम करता है। उन्होंने कहा कि द्रमुक सरकार को पुलिस विभाग की निंदनीय, शर्मनाक स्थिति' के लिए पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने अधिकारी की हत्या के कथित प्रयास पर दुख व्यक्त किया है। अधिकारी के आधिकारिक कक्ष में पिछले साल आग लग गई थी, जो अब प्रकाश में आई है। घटना के समय अधिकारी 'तमिलनाडु यूनिफ़ॉर्मड सर्विसेज़ रिक्रूटमेंट बोर्ड' की एडीजीपी थीं।

शीर्ष अधिकारी द्वारा कथित तौर पर यह कहे जाने पर कि अगर वह घटना के दिन कुछ समय पहले अपने कार्यालय में होती तो उसकी जान चली जाती, पलानीस्वामी ने कहा कि यह बहुत चौंकाने वाला है। इसके अलावा, पलानीस्वामी ने पूछा कि अगर एडीजीपी रैंक के अधिकारी के साथ ऐसा हो सकता है, तो आम जनता अपनी शिकायतें कैसे बेधड़क कर सकेगी? अन्नाद्रमुक नेता ने नायक के आरोपों की पारदर्शिता के साथ उचित जांच किए जाने और अगर कोई इसमें शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# यतनाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में भाजपा आलाकमान से मुलाकात करेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

विजयपुरा (कर्नाटक)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ विधायक बसनगौडा पाटिल यतनाल ने सोमवार को कहा कि 'वह अन्य निष्ठावान' पार्टी नेताओं के साथ चार फरवरी को दिल्ली जाएंगे और भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख विजयेंद्र येडीयुरप्पा और उनके पिता एवं वरिष्ठ नेता बी एस येडीयुरप्पा के संबंध में पार्टी आलाकमान के समक्ष अपनी शिकायतें रखेंगे। बीजापुर शहर के विधायक ने विजयेंद्र और उनके परिवार को ''भ्रष्ट'' करार दिया और उन पर सत्तारूढ़ कांग्रेस के साथ ''समायोजन की राजनीति'' करने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा से भाई-भतीजावाद को समाप्त करने का आह्वान भी किया।

यतनाल ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हम कल दिल्ली जा रहे हैं, ताकि (पार्टी नेतृत्व को) येडीयुरप्पा और उनके बेटे के कारनामों के बारे में बता सकें। आप (पार्टी) एक भ्रष्ट परिवार चाहते हैं या ईमानदार और निष्ठावान पार्टी कार्यकर्ता? भाजपा में भाई-भतीजावाद खत्म होना चाहिए। नेतृत्व भ्रष्ट परिवार के हाथों से लेकर हिंदुत्व का पालन करने वालों के हाथों में दिया जाना चाहिए।''

यतनाल ने तीन मुख्य बिंदुओं पर जोर दिया जिन्हें वे पार्टी नेतृत्व के समक्ष उठाने की योजना बना रहे हैं: पहला, भ्रष्ट परिवार को दूर रखें; दूसरा, भाजपा में वंशवाद की राजनीति से बचें; और तीसरा, पार्टी को गैर-हिंदुत्व नेतृत्व की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने राज्य में हिंदू कार्यकर्ताओं की हत्याओं के जवाब में कड़ी कार्रवाई नहीं करने के लिए प्रदेश नेतृत्व की आलोचना की। उन्होंने कहा, किसी ने भी हिंदुत्व की रक्षा नहीं की, राज्य में हिंदू कार्यकर्ताओं की हत्या होने पर सख्त कार्रवाई करने के बयानों



के अलावा कुछ नहीं हुआ। इस गैर हिंदुत्व राजनीति के कारण भाजपा यहां इतनी दयनीय स्थिति में पहुंच गई है।

यतनाल ने यह भी कहा कि दिल्ली जाने वाले समूह में शामिल होने वाले निष्ठावान पार्टी कार्यकर्ताओं की संख्या में वृद्धि हुई है, कई नेता जो पहले तटस्थ थे, अब उनके साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, निष्ठावान, जो तटस्थ थे और दोनों पक्षों में थे, वे भी अब हमारे साथ जुड़ गए हैं, यह महसूस करने के बाद कि अगर विजयेंद्र बने रहे, तो भाजपा की स्थिति खराब हो जाएगी।

विधायक ने विजयेंद्र पर कांग्रेस के साथ समायोजन की राजनीति में लिप्त होने का आरोप भी लगाया। उन्होंने उल्लेख किया कि जब उपमुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने दावा किया कि विजयेंद्र कांग्रेस के समर्थन के कारण विधायक बने हैं, तो विजयेंद्र ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी।

उन्होंने कहा, उन्होंने (कांग्रेस) येडीयुरप्पा और उनके बेटे को धमकी दी है कि यदि आप सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ कोई भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं, तो हम आपके (येदियुरप्पा और विजयेंद्र) खिलाफ पॉक्सो मामला और जालसाजी का मामला उठाएंगे। हम भाजपा आलाकमान से पूछना चाहते हैं कि क्या हमें ऐसे लोगों की जरूरत है? नवंबर 2023 में विजयेंद्र को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाया गया था। उनके पद पर नियुक्ति से भाजपा में नाराजगी है और कई वरिष्ठ नेताओं ने बार-बार उनके नेतृत्व और उनकी कार्यशैली के खिलाफ़ अपनी नाराजगी व्यक्त की है और शिकारीपुरा के विधायक इस नाराजगी को दूर करने में असमर्थ रहे हैं। कई नेता, विशेष रूप से यतनाल और रमेश जारकीहोली (विधायक) ने विजयेंद्र की खुलकर आलोचना की है, उन पर सत्तारूढ़ कांग्रेस के साथ समायोजन की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया है। उन्होंने पार्टी को अपने चंगुल में रखने की कोशिश करने के लिए उनकी और उनके पिता येडीयुरप्पा की आलोचना भी की है।

# सरकार ने विधानसभा में धर्मांतरण विरोधी विधेयक पेश किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार ने अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने के मकसद से राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2025 सोमवार को विधानसभा में पेश किया। इस विधेयक में अवैध रूप से धर्म परिवर्तन कराने के मामले में दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को 10 साल तक की कैद और 50,000 रुपये तक के जुर्माने की सजा देने का प्रावधान किया गया है। प्रस्तावित अधिनियम के तहत अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होगा। स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने अवैध धर्मांतरण विरोधी विधेयक विधानसभा में पेश किया। इसमें गलतबयानी, बल प्रयोग, गलत प्रभाव, उत्पीड़न, प्रलोभन, छल या जबरन शादी के जरिये एक धर्म से दूसरे धर्म में विधि विरुद्ध संपरिवर्तन को अपराध बनाया गया है।

विधेयक में कम से कम एक साल के कारावास, जिसे पांच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है और 15,000 रुपये के जुर्माने की सजा देने का प्रावधान किया गया है। इसमें नाबालिग या अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) की महिला का अवैध रूप से धर्मांतरण कराने वालों को दो साल की कैद, जिसे बढ़ाकर दस साल तक किया जा सकता है और 25,000 रुपये के जुर्माने की सजा देने की व्यवस्था की गई है। विधेयक में सामूहिक धर्म परिवर्तन के मामले में तीन साल की जेल की सजा देने, जिसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है और 50,000 रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है।

इसमें कहा गया है कि जो लोग स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करना चाहते हैं, उन्हें कम से कम 60 दिन पहले जिला अधिकारी को निर्धारित प्रारूप में एक हलफनामा देना होगा। विधेयक के उद्देश्यों और लक्ष्यों के मुताबिक, भारत का संविधान सभी व्यक्तियों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी प्रदान करता है, जो देश की सामाजिक समरसता को प्रतिबिंबित करती है और धर्मनिरपेक्षता की भावना को बनाए रखने में मदद करती है।

विधेयक में कहा गया है, हाल में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें लोगों को गलतबयानी, बल प्रयोग, गलत प्रभाव, उत्पीड़न, प्रलोभन या छल के जरिये दूसरा धर्म अपनाने के लिए प्रेरित या मजबूर किया गया। इसमें कहा गया है, देश के विभिन्न राज्यों में धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार से संबंधित विभिन्न कानून पहले से ही मौजूद हैं, लेकिन राजस्थान में उक्त विषय पर कोई कानून नहीं था। इसे देखते हुए गैरकानूनी धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कानून बनाने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में पिछले साल 30 नवंबर को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में जबरन धर्म परिवर्तन को रोकने संबंधी विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी गई थी। तब संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने संवाददाताओं को बताया था कि विधेयक आगामी विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा।



# स्विस राजदूत ने उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से की मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से सोमवार को उप मुख्यमंत्री कार्यालय में स्विस राजदूत माया तिस्साफी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्य सरकार एवं स्विस सरकार के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शॉर्ट टर्म स्किल डवलपमेंट कोर्स संचालित करने, एडवेंचर ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने में सहयोग करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही ट्रेफिक मैनेजमेंट, वेस्ट मैनेजमेंट, सैनिटेशन आदि क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग पर भी दोनों के बीच में सकारात्मक चर्चा हुई। इस दौरान स्विस राजदूत ने वर्ल्ड हैरीटेज सिटी जयपुर के स्थापत्य, कला एवं आतिथ्य की जमकर सराहना की।



# सूर्य नमस्कार मन और तन को रखता है स्वस्थ : दिलावर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने सूर्य नमस्कार को सर्वांग योग बताते हुए कहा है कि इससे मन और तन दोनों स्वस्थ रहते हैं और सकारात्मक सोच बनती है, जिसके बल पर जीवन उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है। दिलावर सोमवार को यहां जयपुर में सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सूर्य प्रकृति में ऊर्जा संचार का प्रमुख स्रोत है। सूर्य की ऊर्जा से ही जीवन संचालित होता है। हमारे शरीर को भी संपूर्ण स्वस्थ रखने के लिए सूर्य की ऊर्जा आवश्यक है। इसलिए प्रातःकाल सूर्य उदय के समय सूर्य नमस्कार योग करने का बहुत लाभ होता है। स्कूलों में प्रार्थना सभा के बाद योग इसीलिए करवाया जाता है ताकि बच्चे स्वस्थ रहे।

उन्होंने कहा गत वर्ष सूर्य सप्तमी के अवसर भी पूरे प्रदेश में सूर्य नमस्कार किया गया था जिसका विश्व रिकॉर्ड बना था। वो तो शुरुआत थी।


आज गत वर्ष की तुलना में सूर्य नमस्कार को लेकर ज्यादा उत्साह नजर आ रहा है। मुझे विश्वास है कि आज का आयोजन पिछले वर्ष के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़कर नया रिकॉर्ड बनाएगा। कार्यक्रम के दौरान दिलावर ने स्कूली बच्चों के साथ मंत्रोच्चार के साथ विधिपूर्वक सूर्य नमस्कार किया। उनके साथ शासन सचिव शिक्षा कृष्ण कुणाल,शिक्षा निदेशक आशीष मोदी,खेल विभाग के शासन सचिव पी सी पवन ने भी सूर्य नमस्कार के सभी आसान किए।

# पश्चिमी विक्षोभ के असर से राजस्थान के कई हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान

जयपुर। राजस्थान के कई भागों में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से सोमवार तथा मंगलवार को बारिश का पूर्वानुमान जताया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से यह जानकारी दी गई। आईएमडी के जयपुर केंद्र के अनुसार राज्य के कुछ भागों में एक नया पश्चिमी विक्षोभ तीन व चार फरवरी के दौरान सक्रिय होने की संभावना है। इस दौरान पूर्वी व उत्तरी राजस्थान में कहीं कहीं बारिश होने की संभावना है। इस बीच, राज्य के कई हिस्सों में अब भी सर्दी का दौर जारी है जहां बीते चौबीस घंटे में निम्नतम न्यूनतम तापमान श्रीगंगानगर मे 4.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसने बताया कि सिरोही में यह 6.2 डिग्री, चूरू में 6.5 डिग्री, संगरिया में 7.4 डिग्री, लूणकरणसर में 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने बताया कि राज्य की राजधानी जयपुर में अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान क्रमशः 25 डिग्री तथा 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# बजट सत्र के दौरान सदन में नहीं आएंगे मंत्री किरोड़ी लाल मीणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा विधानसभा के बजट सत्र में शामिल नहीं होंगे। मीणा ने अस्वस्थता का हवाला देते हुए सदन से अनुपस्थित रहने की अनुमति मांगी थी और सोमवार को उन्हें इसकी अनुमति दे दी गई। सदन में शून्यकाल की शुरुआत में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इसकी जानकारी सदन को दी। उन्होंने कहा, ...मुझे सदन को सूचित करना है कि विधानसभा सदस्य किरोड़ी लाल द्वारा 16वीं राजस्थान विधानसभा के तृतीय सत्र में सत्रांत तक अस्वस्थता के कारण सदन की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुमति मांगी गई है।

इसको लेकर सदस्यों के शोरगुल के बीच उन्होंने मीणा को अनुमति देने की घोषणा की। इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान कृषि मंत्री मीणा की अनुपस्थिति पर विपक्ष ने तंज कसा था। कांग्रेस विधायक चेतन पटेल के पीपल्दा में अतिवृष्टि से फसल नुकसान से जुड़े सवाल पर नोकझोंक हुई। मीणा की अनुपस्थिति में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी के जवाब देने पर विपक्ष ने आपत्ति जताई। मीणा जुलाई में सदन के दूसरे सत्र में भी अपरिहार्य कारणों के चलते शामिल नहीं हुए थे।

मीणा के पार्टी तथा सरकार के साथ रिश्ते खटास भरे रहे हैं। पिछले साल लोकसभा चुनाव में राज्य में कुछ सीट पर भाजपा की हार के बाद मीणा ने अपना इस्तीफा सौंप दिया था, लेकिन मुख्यमंत्री शर्मा ने इसे स्वीकार नहीं किया।

पार्टी ने नवंबर में हुए विधानसभा उपचुनाव में मीणा के भाई जगमोहन को दौसा सीट से मैदान में उतारकर उन्हें शांत करने की कोशिश की। हालांकि, जगमोहन चुनाव हार गए जिसके बाद मीणा ने हार के लिए पार्टी के कुछ नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण से शुरू हुआ। इस दौरान किरोड़ी मीणा सदन में मौजूद थे।

# विधानसभा में हंगामेदार शुरुआत : फसल खराबे की चर्चा पर किरोड़ी की गैरमौजूदगी, विपक्ष का हंगामा, स्पीकर नाराजगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही की शुरुआत हंगामे के साथ हुई। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक चेतन पटेल के फसल खराबे से जुड़े सवाल पर मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की अनुपस्थिति को लेकर विपक्ष ने विरोध जताया। जवाब ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने दिया, जिस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और गोविंद सिंह डोटासरा ने आपत्ति जताई। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने बार-बार टोकाटाकी पर नाराजगी जताते हुए अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी दी।

विधानसभा में आज 'राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025' पेश किया जाएगा। इस बिल में जबरन या धोखे से धर्मांतरण कराने पर 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। इसके तहत यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करना चाहता है, तो उसे 60 दिन पहले जिला कलेक्टर को सूचना देनी होगी। बिल में लव जिहाद को लेकर भी सख्त प्रावधान किए गए हैं। अगर यह साबित होता है कि किसी ने धर्मांतरण के मकसद से शादी की है, तो वह विवाह रद्द कर दिया जाएगा और संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई होगी। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान मंत्री के जवाब को अधूरा बताते हुए विपक्ष ने हंगामा किया। स्पीकर ने स्पष्ट किया कि सदन में अनुशासन बनाए रखना आवश्यक है और अनावश्यक टोकाटाकी स्वीकार नहीं की जाएगी।

# रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 32 राजकीय विद्यालयों में खेल मैदान उपलब्ध : राज्यवर्धन सिंह राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में 32 राजकीय विद्यालयों में खेल मैदान उपलब्ध हैं। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि शेष विद्यालयों में भी खेल मैदान की सुविधा शीघ्र विकसित करने हेतु विभागीय अधिकारियों को स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर भूमि उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया जा चुका है।

युवा मामले एवं खेल मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि 'मेजर ध्यानचंद स्टेडियम योजना' के तहत चरणबद्ध रूप से प्रदेश के हर ब्लॉक में खेल स्टेडियम के विकास कार्य करवाने के लिए राज्य सरकार द्वारा नियम एवं आधार निर्धारित किये गए हैं। उन्होंने सदस्यों से योजना के तहत दिए जाने वाले मैचिंग ग्रांट का लाभ लेकर खेल मैदानों का निर्माण करवाने का आग्रह किया।

कर्नल राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2024-25 की बजट घोषणानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान व ओपन जिम सुविधा उपलब्ध कराने के प्रथम चरण में 10 हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में ओपन जिम विकसित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 3 ग्राम पंचायतों में ओपन जिम विकसित किये जायेंगे।

इससे पहले विधायक सुखवंत सिंह के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में युवा मामले एवं खेल मंत्री ने बताया कि प्रदेश में खेलों को बढावा देने हेतु राज्य सरकार द्वारा समन्वित स्टेडियम (आधारभूत खेल संरचनाएँ) विकास कार्यक्रम-2015 के मापदंड निर्धारित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचलित एट लीस्ट वन आउटडोर गेम ग्राउंड का निर्माण कार्य स्थानीय स्तर पर मनरेगा योजना के तहत जिला परिषद के माध्यम से करवाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा प्रदेश में खेल मैदानों के निर्माण हेतु संचालित योजनाओं के तहत उचित माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त होने पर संसाधनों की उपलब्धता एवं गुणावगुण के आधार पर नये खेल मैदान बनाने पर विचार किया जायेगा। उन्होंने रामगढ़ विधानसभा में शिक्षा विभाग और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग(मनरेगा) के तहत उपलब्ध खेल मैदानों की सूचि सदन के पटल पर रखी।



# महिला और युवा कल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में सरकार उठा रही है ठोस कदम : पंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी उद्देश्य से मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भारत सरकार के सचिव, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग और महानिदेशक, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, डॉ. राजीव बहल ने राज्य में स्वास्थ्य से जुड़े शोध, उनके उपयोग और उनकी जरूरतों पर चर्चा की।

बैठक में शिशु मृत्यु दर (एनएमआर) को कम करने के लिए प्रभावी उपायों पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने 'कंगारू मदर केयर' (केएमसी) को डूंगरपुर जैसे जनजातीय जिलों में लागू करने और बाद में पूरे राज्य में इसे बढ़ाने की जरूरत बताई। यह पद्धति अस्पतालों में शिशु मृत्यु दर को 40 प्रतिशत तक कम करने में सहायक है। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान एंटीनेटल स्टेरॉयड का सही तरीके से उपयोग करने से शिशु की मौत के खतरे को कम किया जा सकता है। बैठक में आईसीएमआर द्वारा प्रस्तुत 'संकल्प डेटा' के आधार पर प्रसव से पूर्व शिशु मृत्यु और नवजात मृत्यु दर के ताजा आंकड़ों की भी समीक्षा की गई।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती गायत्री राठौड ने सुझाव दिया कि ऑक्जीलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम) को गर्भावस्था और प्रसव की जटिलताओं को पहचानने और इनका सुरक्षित समाधान करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने नवजात गहन चिकित्सा इकाइयों (एनबीएसयू) को बेहतर बनाने और प्रथम रेफरल इकाइयों (एफआरयू) में सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधाएं बढ़ाने पर भी जोर दिया।

बैठक में चर्चा हुई कि विद्यालयों और कॉलेजों में पढ़ने वाले बच्चों और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बेहतर बनाया जाए और आत्महत्या के बढ़ते मामलों को कैसे रोका जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि कोटा जिले में यह योजना विशेष रूप से लागू की जाए और इसमें कोचिंग संस्थानों की भी सहभागिता की जाए। इसके लिए जिला कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए और एम्स जोधपुर को भी इस अभियान में जोड़ा जाए।

बैठक में विद्यालयों और कॉलेजों में काउंसलर की व्यवस्था, शिक्षकों को इस विषय पर विशेष प्रशिक्षण, टेलीमानस हेल्पलाइन, विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े डर और झिझक को दूर करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम, आत्महत्या रोकथाम के लिए अब तक किए गए प्रयासों और भविष्य की चुनौतियों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों को और प्रभावी बनाये जाने पर हुई चर्चा। मुख्य सचिव ने कहा कि रिसर्चरस और सरकार के बीच नियमित समीक्षा बैठकें होनी चाहिए ताकि योजनाओं को सही तरीके से लागू किया जा सके। साथ ही ओपीडी सेवाओं, डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कार्मिकों के प्रशिक्षण, ई-संजीवनी डिजिटल हेल्थ सेवाओं, जरूरी दवाओं व उपकरणों की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित की जानी चाहिए। बैठक में टीबी को पूरी तरह खत्म करने के प्रयास तेज करने, स्तन कैंसर की स्टेज-खख से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष उपचार मॉडल बनाना, गर्भावस्था के दौरान सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना और मृत जन्म दर को कम करना, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के इलाज को बेहतर बनाना, एनीमिया के इलाज में आयुर्वेद के उपयोग की प्रभावशीलता के अध्ययन, बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने के लिए बेहतर टेक-होम फूड योजना तैयार करना जैसे कई अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम को बेहतर तरीके से लागू करने पर चर्चा हुई । बैठक में आईसीएमआर, केन्द्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, राज्य के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खाद्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्युत गृहों हेतु लिए जाने वाले कोयले की गुणवत्ता जांच में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई है : हीरालाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि विद्युत गृहों हेतु लिए जाने वाले कोयले की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जी.सी.वी (ग्रॉस कैलोरिफिक वैल्यू) की त्रि-स्तरीय जाँच की जाती है। उन्होंने कहा कि कोयले के लिए न्यूनतम जी.सी.वी के आधार पर ही भुगतान किया जाता है। उन्होंने सदन को आश्वस्त करते हुए कहा कि जांच में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई है। वर्तमान में राजस्थान ऊर्जा उत्पादन निगम का कार्य उत्पादन के क्षेत्र में संतोषजनक है तथा उत्पादन निगम के विद्युत गृहों द्वारा प्रतिदिन बिजली उत्पादन एवं दक्षता में निरंतर सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि गत आठ माह में सर्वाधिक विद्युत उत्पादन हुआ है।

ऊर्जा राज्यमंत्री नागर सोमवार को राज्य विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के समय में छत्तीसगढ़ राज्य में निगम की कोयला खदानों को पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिलने व देशव्यापी कोयला संकट होने से कोयला आपूर्ति बाधित हुई जिस कारण विद्युत उत्पादन में कमी आई। तत्कालीन सरकार तथा छत्तीसगढ़ सरकार के मध्य समन्वय के अभाव के कारण सरकार को कोल इण्डिया द्वारा ब्रिज लिंकेज के माध्यम से कम गुणवत्ता वाले कोयले को 40 प्रतिशत अधिक दामों पर लेना पड़ा। इससे विद्युतगृहों को पूर्ण क्षमता पर संचालन में परेशानियां उठानी पड़ी तथा अधिक दामों पर कोयला खरीद के कारण निगम को घाटा हुआ। नागर ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के सकारात्मक प्रयासों से पुन: कोयला आपूर्ति सुनिश्चित हो सकी है तथा ऊर्जा उत्पादन में बढ़ोत्तरी के साथ-साथ लागत में भी कमी आई है। इससे पहले विधायक रामकेश के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में ऊर्जा राज्य मंत्री ने राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के सभी विद्युत गृहों में विगत पाँच वर्षों में हुए सकल विद्युत उत्पादन का विद्युतगृह वार विवरण सदन की मेज पर रखा।

## सुनवाई



जयपुर में सोमवार को मंत्री मदन दिलावर आमजन की समस्याओं के निवारण हेतु राजकीय आवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याओं को सुना व उनका संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया।

# गहलोत ने एआई के इस्तेमाल का समर्थन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'कृत्रिम मेधा' (एआई) का समर्थन करते हुए रविवार को कहा कि युवाओं व विद्यार्थियों को इसका इस्तेमाल करना चाहिए। गहलोत ने एआई को लेकर अपने अनुभव को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया। उन्होंने लिखा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल दुनियाभर में बढ़ता जा रहा है। मैंने भी कुछ एआई ऐप का उपयोग करके देखा। अब मैं बार-बार इसका इस्तेमाल करता हूं इसके 'एडवांस्ड' वर्जन का इस्तेमाल अभी तक मैंने नहीं किया है उसके बावजूद मुझे यह बेहद सुविधाजनक लगा। उन्होंने कहा कहावत है नॉलेज इज़ पावर यानी ज्ञान ही शक्ति है। इसी के दम पर अमेरिका के चैट जीपीटी, मेटा एआई, गूगल जैमिनी, माइक्रोसॉफ्ट कोपाइलेट एवं चीन के डीपसीक जैसे एआई टूल आ गए हैं। हमारे देश में बहुत बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली आईटी इंजीनियर हैं इसलिए मेरा विश्वास है कि आने वाले समय में भारत का इन सबसे किफायती एवं बेहतर एआई टूल आएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, विद्यार्थियों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों समेत सभी को एआई टूल का इस्तेमाल करना सीखना चाहिए।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# राष्ट्रपति का अपमान करना कांग्रेस की परंपरा और उनके 'राजनीतिक डीएनए' में है : रविशंकर प्रसाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की एक हालिया टिप्पणी की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान करना कांग्रेस की परंपरा तथा उनके 'राजनीतिक डीएनए' में है। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी द्वारा लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए यह भी कहा कि संविधान बचाने की बात करने वालों को पहले राष्ट्रपति पद का सम्मान करना सीखना चाहिए।

राज्यसभा की सदस्य सोनिया गांधी ने गत 31 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि 'बेचारी' अपने संबोधन के आखिर तक थक गईं थीं और बहुत मुश्किल से बोल पा रही थीं।

प्रसाद ने सोनिया गांधी का नाम लिए बगैर कहा, राष्ट्रपति सर्वोच्च संवैधानिक पद पर हैं और संसद का हिस्सा हैं। हमारा नैतिक दायित्व है कि हम उनका सम्मान करें। राष्ट्रपति जी बहुत ही साधारण परिवार से निकलकर आगे बढ़ीं। पिछले दो वर्षों में वह गरिमा और शालीनता से राष्ट्रपति के पद को नई ऊंचाई दे रही हैं। उनके मुताबिक, शायद पहली बार राष्ट्रपति भवन की तरफ से एक विज्ञप्ति जारी कर किसी बयान का खंडन किया गया है।

प्रसाद ने सोनिया गांधी की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा, मैं इस टिप्पणी की भर्त्सना करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के साथ क्या-क्या व्यवहार किया गया था, उसकी जानकारी दस्तावेजों में अंकित है। प्रसाद के अनुसार, फखरूद्दीन अली अहमद और ज्ञानी जैल सिंह जैसे पूर्व राष्ट्रपति के साथ क्या व्यवहार किया गया, सबको पता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, वर्तमान राष्ट्रपति जी के साथ जो किया गया है वो नई बात नहीं है, ये इनकी (कांग्रेस) परंपरा में है, यह इनका राजनीतिक डीएनए है। राष्ट्रपति का अपमान इनकी आदत और परंपरा है। प्रसाद ने प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना का उल्लेख किया और कहा कि हादसे में षड्यंत्र की बू आ रही है तथा जब जांच की रिपोर्ट आएगी तो कुछ लोग शर्मिंदा हो जाएंगे।

भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय भारत पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों की सूची में शामिल था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में भारत की अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत हुई तथा पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। उन्होंने विपक्षी दलों पर सनातन के अपमान का आरोप लगाया और कहा, सनातन का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान।



# रूस की फेडरल असेंबली के निचले सदन के सदस्यों ने लोकसभा की कार्यवाही देखी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** रूस के सांसदों के एक शिष्टमंडल ने सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही देखी और अध्यक्ष ओम बिरला ने उनका अभिनंदन किया। बिरला ने सदन की विशिष्ट दीर्घा में रूस की फेडरल असेंबली के निचले सदन 'स्टेट डूमा' के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदीन और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति की जानकारी सदस्यों को दी।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि वोलोदीन और उनके उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा भारत-रूस संबंधों की गहराई का प्रतीक है और यह दोनों देशों की साझेदारी को और मजबूत करेगी।

दर्शक दीर्घा में बैठे रूसी प्रतिनिधिमंडल को हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए देखा गया।



## भूटान नरेश लखनऊ पहुंचे, योगी ने स्वागत किया

**लखनऊ/भाषा।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक सोमवार को लखनऊ पहुंचे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वांग्चुक की अगवानी की। वांग्चुक मंगलवार को महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रयागराज जाएंगे।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, योगी ने भूटान नरेश को पुष्पगुच्छ भेंट किया और उनकी कुशलक्षेम पूछी। भूटान नरेश ने भी मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। बयान के अनुसार, हवाई अड्डे पर कलाकारों ने भूटान नरेश के लिए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान, वांग्चुक ने भी कलाकारों की हौसलाअफजाई की। बयान के मुताबिक, भूटान नरेश मंगलवार को प्रयागराज महाकुंभ जाएंगे, जहां वह संगम पर पवित्र त्रिवेणी स्नान और दर्शन-पूजन करेंगे। बयान के अनुसार, लखनऊ हवाई अड्डे पर महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार, लखनऊ के जिला अधिकारी विशाख जी ने वांग्चुक को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

## मणिपुर हिंसा : न्यायालय ने मुख्यमंत्री के खिलाफ ऑडियो क्लिप पर फॉरेंसिक रिपोर्ट मांगी



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में जातीय हिंसा में मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की भूमिका का आरोप लगाने वाली एक लीक ऑडियो क्लिप की प्रामाणिकता पर सीलबंद लिफाफे में फॉरेंसिक रिपोर्ट मांगी है।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने 'कुकी ऑर्गनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट' की याचिका पर सीएफएसएल से छह सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी और सुनवाई 24 मार्च के लिए स्थगित कर दी। कोहूर की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने जातीय हिंसा में मुख्यमंत्री की कथित भूमिका की अदालत की निगरानी में एसआईटी से जांच कराए जाने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति संजय कुमार, जो शीर्ष अदालत में पदोन्नत होने से पहले मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे, ने कहा, जब मैं इस न्यायालय में पदोन्नत हुआ था तो मणिपुर के मुख्यमंत्री ने मेरे लिए रात्रिभोज का आयोजन किया था, इसलिए यदि आपको मेरे द्वारा मामले की सुनवाई करने से कोई समस्या है तो आप मुझे बता सकते हैं...।

# गजनवी, गौरी और अंग्रेजों की तरह आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली को बेदर्दी से लूटा है : भाजपा सांसद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सोमवार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार पर देश की राजधानी को विदेशी लुटेरों महमूद गजनवी, मोहम्मद गौरी, तैमूर लंग, अहमद शाह अब्दाली, नादिर शाह और अंग्रेज शासकों की तरह लूटने का आरोप लगाया।

बिधूड़ी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा गत 31 जनवरी को संसद के संयुक्त सत्र में दिए गए अभिभाषण के लिए उनके प्रति लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुए अपने लगभग पूरे भाषण में आम आदमी पार्टी, उसके नेताओं और दिल्ली में पार्टी की सरकार पर निशाना साधा। बिधूड़ी ने कहा, आप सरकार ने दिल्ली को बेदर्दी से लूटा और बर्बाद किया है। महमूद गजनी, मोहम्मद गौरी, तैमूर लंग, अहमद शाह अब्दाली और नादिर शाह तथा अंग्रेजों ने भी दिल्ली को लूटा था। आप नेताओं ने भी बेदर्दी से इसे लूटा है। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र दक्षिण दिल्ली के बदरपुर में एक इको-पार्क के निर्माण और अन्य केंद्रीय योजनाओं का उल्लेख करते हुए यह भी कहा, यह काम यदि इस धरती पर भगवान आ जाएं तब संभव है या यह चमत्कार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही दिल्ली की धरती पर कर सकते हैं। बिधूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन में किसानों के प्रति गहरा लगाव है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की किसान सम्मान निधि योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य में लगातार वृद्धि, 332 अरब टन रिकॉर्ड अनाज उत्पादन और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान दिए जाने के फैसलों में यह स्पष्ट नजर आता है।



## निर्वाचन आयुक्तों की चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता का राहुल का आह्वान 'विडंबनापूर्ण': हिमंत

**गुवाहाटी/भाषा।** निर्वाचन आयुक्तों के चयन में प्रधान न्यायाधीश को शामिल करते हुए एक पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आह्वान को 'विडंबनापूर्ण' करार देते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को आरोप लगाया कि देश की इस सबसे पुरानी पार्टी ने सत्ता में रहने के दौरान ऐसी कोई पारदर्शिता नहीं बरती।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान सोमवार को अपने संबोधन में निर्वाचन आयुक्तों का चयन करने वाली समिति से प्रधान न्यायाधीश को हटाने की आलोचना की। शर्मा ने लिखा, प्रधान न्यायाधीश को शामिल करते हुए निर्वाचन आयुक्तों के पारदर्शी चयन का राहुल गांधी द्वारा किया गया आह्वान विडंबनापूर्ण है, क्योंकि कांग्रेस शासन के दौरान, नियुक्तियां पूरी तरह से सत्तारूढ़ सरकार द्वारा बिना किसी पारदर्शिता के की जाती थीं। यदि कांग्रेस वास्तव में लोकतांत्रिक सत्यनिष्ठा में विश्वास करती है, तो उसने दशकों तक सत्ता में रहने के दौरान इन सुधारों को लागू क्यों नहीं किया?

# झूठे आरोपों का सामना करने वाले पुरुषों को पर्याप्त कानूनी और भावात्मक समर्थन मिले : दिनेश शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य ने महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा और शोषण से जुड़े कानूनी प्रावधानों के दुरुपयोग पर चिंता जताई और झूठे आरोपों का सामना करने वाले पुरुषों के लिए पर्याप्त कानूनी और भावात्मक समर्थन की मांग उठायी। उच्च सदन में शून्यकाल के तहत इस मामले को उठाते हुए भाजपा के दिनेश शर्मा ने बेंगलूरु की एक निजी कंपनी में काम करने वाले अतुल सुभाष की आत्महत्या का उल्लेख किया और घरेलू हिंसा तथा उत्पीड़न से जुड़े कानून को लिंग-निरपेक्ष (जेंडर न्यूट्रल) बनाए जाने की अपील की।

मूल रूप से बिहार के रहने वाले सुभाष ने अपने 'सुसाइड नोट' में पारिवारिक विवाद और उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए थे। शर्मा ने राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या करने वालों में 72 प्रतिशत यानी 1,25,000 पुरुष थे जबकि महिलाओं की संख्या लगभग 47,000 थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2021 के बीच पुरुष और महिलाओं के आत्महत्या के अनुपात में काफी वृद्धि हुई है और इस दौरान 107.5 प्रतिशत अधिक पुरुषों ने पारिवारिक समस्याओं को आत्महत्या का कारण बताया।

पुरुष और महिलाओं के लिए संतुलित कानूनी सुरक्षा की जरूरत पर बल देते हुए शर्मा ने कहा कि कानून ने महिलाओं को घरेलू हिंसा और शोषण से बचाने में बहुत प्रगति की है लेकिन ऐसी ही हिंसा और शोषण से पुरुषों के लिए सुरक्षा का अभाव चिंता का विषय है।

अतुल सुभाष की आत्महत्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, यह घटना इस बात पर रोशनी डालती है कि झूठे आरोपों का सामना करने वाले पुरुषों के लिए पर्याप्त कानूनी और भावात्मक समर्थन नहीं है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 85 के प्रावधानों के दुरुपयोग की समस्या भी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, मैं अनुरोध करता हूं कि घरेलू हिंसा और उत्पीड़न से जुड़े कानून को जेंडर न्यूट्रल बनाया जाए ताकि सभी के साथ न्याय हो सके। अगर सिस्टम की कमी के कारण एक भी व्यक्ति अपनी जान दे देता है तो यह हमारे लिए आत्ममंथन का समय है।

## टीएमसी नेता मदन मित्रा ने 'आई-पैक' की आलोचना की, पार्टी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता मदन मित्रा ने पार्टी को राजनीतिक परामर्श देने वाली एजेंसी 'आई-पैक' (इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि 'आई-पैक' के जुड़ाव के कारण पार्टी के भीतर अवसरवादी लोगों को जगह मिलने से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की छवि धूमिल हुई है। 'आई-पैक' के अधिकारियों की फिलहाल प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

एक बांग्ला समाचार चैनल से बातचीत में कमरहाटी के विधायक मित्रा ने कहा, ममता बनर्जी का नाम कभी किसी घोटाले से नहीं जुड़ा। हालांकि, अब उनकी प्रतिष्ठा पर 'पैकवालों' (आई-पैक सदस्यों) की हरकतों के कारण दाग लगा है। मित्रा टीएमसी के अंदरूनी मुद्दों को लेकर मुखर रहे हैं। पूर्व मंत्री ने दावा किया कि एजेंसी से जुड़े लोगों ने अवांछनीय प्रभाव डाला है, कुछ लोग 'आई-पैक' से होने का दावा करते हुए मंत्रियों पर दबाव भी डाल रहे हैं तथा विभिन्न मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उन्होंने 'आई-पैक' के दृष्टिकोण पर भी कटाक्ष करते हुए कहा, हमने 2009 से बिना किसी बाहरी एजेंसी की मदद के, अपने दम पर बैठकें और रैलियां आयोजित करके चुनाव जीते हैं। बाहरी हस्तक्षेप तब शुरू हुआ, जब 'आई-पैक' के कुछ लोगों ने प्रवेश किया और अनावश्यक व्यवधान पैदा किया।



# पश्चिम बंगाल में सोमवार को सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर सोमवार को दक्षिण कोलकाता के एक कानून महाविद्यालय में पुलिस की निगरानी में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया।

पूजा रविवार को किए जाने के बाद मूर्तियों के विसर्जन से पहले सोमवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों, पुस्तकालयों तथा घरों में कुछ संबंधित अनुष्ठान आयोजित किए गए।

उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, जोगेश चंद्र चौधरी कानून महाविद्यालय के छात्र पुलिस की मौजूदगी में अनुष्ठान में शामिल हुए। अदालत का आदेश विधि महाविद्यालय के परिसर में पूजा के आयोजन को लेकर दो समूहों के बीच झगड़े पर आया था जिसमें एक समूह ने परिसर के अंदर सरस्वती पूजा का आयोजन किया, वहीं अन्य ने बाहर सड़क पर इसका आयोजन किया।

राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने रविवार को दक्षिण कोलकाता से टीएमसी सांसद माला रॉय के साथ कॉलेज का दौरा किया। नादिया जिले के हरिंगघाटा में एक प्राथमिक विद्यालय में भी पुलिस की मौजूदगी में पूजा की गई। यहां दो समुदायों की महिलाओं ने परिसर के बाहर खड़े होकर शंख बजाए। छात्रों व शिक्षकों ने शिक्षण संस्थान के अंदर विद्या की देवी की पूजा की। श्रद्धालुओं ने सुबह देवी की पूजा-अर्चना की, उसके बाद पारंपरिक शाकाहारी भोजन का आनंद लिया।

## राष्ट्रपति अभिभाषण में किसानों की कर्ज माफी, महंगाई कम करने पर कुछ नहीं कहा गया : तृणमूल सांसद




**नई दिल्ली/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने सोमवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 31 जनवरी को संसद के संयुक्त सत्र में दिए गए अभिभाषण में महाकुंभ में भगदड़ की घटना पर मृतकों के परिवारों के प्रति शोक नहीं जताया गया और किसानों की कर्ज माफी पर भी इसमें कुछ नहीं कहा गया।

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए दस्तीदार ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में महाकुंभ में भगदड़ की घटना पर ''केवल 61 शब्दों में'' दुख जता दिया और मृतकों के परिवारों के प्रति कोई शोक संवेदना तक प्रकट नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रयागराज महाकुंभ की तैयारी और वहां आपदा प्रबंधन की कमी के कारण ऐसा हादसा हुआ।

तृणमूल कांग्रेस सांसद ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में किसानों की कर्ज माफी और महंगाई कम करने पर भी कुछ नहीं कहा गया। उन्होंने कहा कि अभिभाषण में कुछ दवाओं को कर मुक्त किए जाने का उल्लेख स्वागत योग्य है लेकिन कई अन्य दवाएं और उपकरण हैं जिन्हें कर मुक्त किया जाना चाहिए।

# खरगे ने सरकार पर कसा तंज, कहा : अमृत काल है या विष काल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में सरकार पर तीखा हमला बोला और सवाल किया कि यह अमृत काल है या विष काल?

राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया कि सरकार 'सबके विकास' की बात करती है लेकिन वह सिर्फ चंद उद्योगपतियों, अमीरों और अपने कुछ दोस्तों का ही विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण किसान और बेरोजगार आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में देश भर में एक लाख से अधिक किसानों ने आत्महत्या की है। खरगे ने विभिन्न वर्गों की परेशानियों का जिक्र करते हुए सवाल किया कि यह ''अमृत काल है या विष काल?'' उन्होंने कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बेच रही है और इसे सिर्फ एक ही व्यक्ति को सौंप रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विज्ञापन ही इस तरह से तैयार किए जाते हैं कि एक ही व्यक्ति को सभी काम मिलते हैं। खरगे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान पर भी आपत्ति जतायी और कहा कि आरएसएस प्रमुख ने अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद देश को आजादी मिलने की बात की थी। बाद में, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने खरगे के विभिन्न दावों का प्रतिकार करते हुए उन्हें असत्य बताया और कहा कि खरगे ने अपने संबोधन में एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो) के आंकड़ों का हवाला दिया है लेकिन उनकी पार्टी के 10 साल के कार्यकाल में 57 प्रतिशत अधिक किसानों ने आत्महत्या की थी।

# पंद्रह साल के जोनाथन ने एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण, महिलाओं के 50 मीटर राइफल में सिफत शीर्ष पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**देहरादून/भाषा।** कर्नाटक के पंद्रह वर्षीय निशानेबाज जोनाथन एंथोनी ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह और अपने से काफी अनुभवी सौरभ चौधरी को पछाड़कर 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता।

जोनाथन का निशानेबाजी करियर 2022 में उस वक्त परवान चढ़ा जब उन्होंने सीबीएसई दक्षिण क्षेत्र राइफल निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीता। वह उस समय आठवीं कक्षा में पढ़ते थे। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में 240.7 अंक के साथ कर्नाटक के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने सेना के अनुभवी रविंद्र सिंह (240.3 अंक के साथ रजत पदक) और गुरप्रीत सिंह (220.1 अंक के साथ कांस्य पदक) को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर के साथ 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले सरबजोत सोमवार को चौथे स्थान पर रहे। जोनाथन ने इससे पहले क्वालीफिकेशन में 578 अंक हासिल कर आठवें स्थान के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकार्डधारी सौरभ चौधरी ने भी 578 अंक हासिल किए थे लेकिन वह शूट-ऑफ में 15 साल के निशानेबाज से पिछड़ गए। रविंद्र क्वालीफिकेशन में 584 अंक के साथ शीर्ष पर रहे जबकि सबरजोत 583 अंक के साथ दूसरे पायदान पर थे। जोनाथन ने हालांकि फाइनल में धैर्य और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने अब तक के अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने के बाद कहा, मैं इस जीत से रोमांचित हूं। शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले ऐसे प्रतिभाशाली निशानेबाजों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा इस जीत को और भी सार्थक बनाती है। आज मेरा दिन था और मुझे इस जीत पर गर्व है। पंजाब की सिफत कौर सामरा ने महिलाओं की 50 मीटर थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता 23 साल की सिफत ने यहां महाराणा प्रताप कॉलेज में हुए फाइनल में 461.2 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

# ओडिशा में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाकर आरएसएस का एजेंडा चला रही है भाजपा : कांग्रेस



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के एक कथित बयान का हवाला देते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा प्रदेश में एक आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एजेंडा चला रही है।

पार्टी के सांसद सप्तगिरि उलाका ने दावा किया कि ओडिशा में भाजपा की सरकार आने के बाद बलात्कार, अपराध की दूसरी घटनाएं बढ़ गई हैं और आदिवासियों के हितों के विरुद्ध काम हो रहा है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, भाजपा ने एक आदिवासी (माझी) को मुख्यमंत्री बनाया, लेकिन एजेंडा आरएसएस का चल रहा है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में आदिवासी महिलाओं के बारे में एक टिप्पणी की है वो शर्मनाक है। उलाका ने कहा कि मुख्यमंत्री को माफी मांगनी चाहिए।

## सुविचार

शीशा और रिश्ता दोनों नाजुक होते हैं, पर दोनों में अंतर यह है कि, शीशा गलती से टूट जाता है और रिश्ता गलतफहमी से!


## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# आतंक के आकाओं को झटका

26/11 आतंकवादी हमलों में भूमिका के लिए भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा वांछित तहव्वुर राणा के अमेरिका से प्रत्यर्पण का रास्ता साफ होने से 'आतंक के आकाओं' को तगड़ा झटका लगा है। भारत को नुकसान पहुंचाकर कोई आतंकवादी खुद को सुरक्षित न समझे। इस मामले से पश्चिमी देशों में स्पष्ट संदेश जाएगा कि उदारवाद के नाम पर खूंखार आतंकवादियों और अलगाववादियों को शरण देने से उन्हें कोई फायदा नहीं होने वाला, बल्कि वे कालांतर में उनके लिए सिरदर्द बनेंगे। तहव्वुर राणा को पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक जरूर कहा जाता है, लेकिन अब कसाब की तरह उसका कच्चा चिट्ठा खुलना चाहिए। आईएसआई अपने गुर्गों को पश्चिमी देशों में भेजकर उन्हें वहां बसने में मदद करती है, ताकि वे उधर रहते हुए उसके मंसूबे पूरे करते रहें। तहव्वुर राणा कोई सामान्य आतंकवादी नहीं है, जिसे किसी संगठन ने अपना मोहरा बना लिया। वह पाकिस्तानी फौज में डॉक्टर था। उसने कैप्टन की रैंक हासिल कर ली थी। पाक फौज के डॉक्टर अपने जवानों और अधिकारियों को ही नहीं, आतंकवादियों को भी सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। गोली लगने या घायल होने पर पट्टी कैसे की जाती है, हमले में ज्यादा से ज्यादा नुकसान कैसे पहुंचाया जाता है, प्रतिकूल परिस्थितियों में जान कैसे बचाई जाती है, बिना कोई आहार ग्रहण किए लंबा रास्ता / चढ़ाई कैसे पार की जा सकती है, कम से कम खुराक में ज्यादा से ज्यादा दिनों तक कैसे गुजारा कर सकते हैं, किस उत्तेजक / मादक पदार्थ मिश्रित इंजेक्शन को लगाने से पीड़ा कम महसूस होती है और लड़ाई लंबी खींच सकते हैं ... जैसे सवालों के जवाब पाक फौज के डॉक्टर इन आतंकवादियों को विस्तार से देते हैं।

तहव्वुर राणा सिर्फ कैप्टन बनकर कनाडा बसने चला गया था, जबकि पाकिस्तानी फौज के अन्य अफसर ब्रिगेडियर, मेजर जनरल और लेफ्टिनेंट जनरल बनकर विदेशों में बसने जाते हैं! पाकिस्तानी फौज के इस पूर्व डॉक्टर ने वहां जाकर जो कारोबार शुरू किया, वह 'आव्रजन सेवा' से संबंधित था! वास्तव में पाकिस्तानी फौज के जितने भी 'सेवानिवृत्त' अफसर विदेशों में बसने जाते हैं, वहां उनका मकसद कुछ और होता है। वे उधर जासूसों का नेटवर्क खड़ा करते हैं और भारतविरोधी गतिविधियों को हवा देते रहते हैं। तहव्वुर राणा चाहता तो कनाडा में शांतिपूर्वक रहकर एक खुशहाल जिंदगी जी सकता था, लेकिन उसका मकसद यह था ही नहीं। वह फौज की नौकरी के दौरान ही आतंकवादियों से गहरी सहानुभूति रखने लगा था। वह कनाडा जाकर कट्टरपंथी गतिविधियों में शामिल रहने लगा था। तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण संबंधी फैसले के बाद पश्चिमी देशों में रहने वाले उन लोगों में खलबली जरूर मच गई, जो वहां भारतविरोधी कारनामों को अंजाम देते हैं। उन देशों में तहव्वुर राणा जैसे कई लोग हो सकते हैं, जो अपने दिलो-दिमाग में भारत को नुकसान पहुंचाने का एजेंडा लिए घूम रहे हों। जब यह शख्स भारत लाकर अदालत में खड़ा किया जाएगा तो इस मामले पर पूरी दुनिया की नजरें होंगी। खासकर पाकिस्तान बहुत शोर मचाएगा। वह तहव्वुर के पक्ष में (उसकी उम्र का हवाला देते हुए) सोशल मीडिया पर अभियान चला सकता है। उसे ऐसा 'युद्धविरोधी' व्यक्ति बताया जाने लगा है, जिसे हेडली ने धोखा देकर फंसा दिया! इसके मद्देनजर हमारी एजेंसियां पुख्ता सबूत जुटाकर मामले को इतना मजबूत बनाएं कि इसके बचकर निकलने की कोई गुंजाइश ही न रहे। एक पाकिस्तानी, उच्च शिक्षित शख्स, फौज में डॉक्टर, विदेश में बसने और 'कारोबार' करने का अनुभव ... इसके बावजूद आतंकवादियों के साथ गहरे संबंध! अब यह दलील नहीं दी जा सकती (जैसा कि कसाब और अन्य आतंकवादियों के मामले में कहा गया था) कि अनपढ़ और गरीब था, इसलिए गुमराह होकर आतंकवाद के रास्ते पर चला गया। अगर मन में नफरत का जहर भरा हो तो बड़ी से बड़ी डिग्री भी ऐसे व्यक्ति का हृदय-परिवर्तन करने में नाकाम हो जाती है।

## ट्वीटर टॉक



तीर्थ नगरी प्रयागराज में पूर्ण महाकुंभ 2025 के शुभ अवसर पर तृतीया अमृत स्नान करने वाले सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह अवसर धार्मिक आस्था और पुण्य का प्रतीक है, और इस स्नान से सभी को सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति हो।

–दीया कुमारी



दिल्ली में --आप-दा सरकार 9वीं कक्षा में ही विद्यार्थियों को फेल कर दे रही है। उन्हीं विद्यार्थियों को पास किया जा रहा है, जिनकी 10वीं कक्षा में पास होने की गारंटी है। सरकार की छवि खराब नहीं हो इसलिए अरविंद केजरीवाल छात्रों को 9वीं कक्षा में ही फेल कर दे रहे हैं।

–गजेन्द्र सिंह शेखावत



सूर्योपासना के महापर्व सूर्य सप्तमी के विशेष अवसर पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। इस शुभ अवसर पर हमारी सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया।

–मदन दिलावर

## प्रेरक प्रसंग

# आशावाद की बड़ी सोच

अमेरिका के जॉर्ज कार्वर एक उच्चकोटि के महाविद्वान वैज्ञानिक थे। अधिक धन के स्वामी होने पर भी उनमें कभी अहंकार नहीं आया। उनकी पत्नी ने उन्हें सुझाव दिया कि आप यह पैसा बैंक में जमा कर दीजिए। वहां पैसा सुरक्षित रहेगा और यहां हम निश्चिंत रहेंगे। उन्होंने एक मित्र से सलाह लेकर बैंक में अपनी सारी कमाई जमा करवा दी। दुर्भाग्य से जिस बैंक में कार्वर की जमा पूंजी थी, वह बैंक फेल हो गया और उसे दिवालिया घोषित कर दिया गया।

कार्वर का भी सारा पैसा डूब गया। कई संबंधी और मित्र अफसोस जताने आए और अपनी ओर से मदद की पेशकश की। इस पर कार्वर बोले, 'वह पैसा तो वैसे भी मेरे काम नहीं आ रहा था। जैसा मेरे यहां रखा था, वैसे ही वहां रखा था। शायद वह वहां किसी के काम आ गया और उसका सदुपयोग हो गया। आप लोग दुविधा में न रहें, मुझे इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ा है। कार्वर के परिचितों ने उनकी आशावादिता पर दांतों तले उंगली दबा ली।

## सामयिक

# भारत को समग्र रूप से विकसित देश बनाने का लक्ष्य

अवधेश कुमार
मोबाइल : 9811027208

केंद्रीय बजट से एक दिन पूर्व आर्थिक समीक्षा में ही सरकार ने बजट की भावी दिशा बता दिया था। आर्थिक सर्वेक्षण में स्वतंत्रता के 100 साल बाद 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की दृष्टि से काफी बातें कहीं गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का लक्ष्य विरासत के साथ विकास है। यानी भारत को अपनी पहचान आध्यात्मिक अंतःशक्ति सभ्यता, संस्कृति के साथ सामंजस्य बिठाते, इसे एक मुख्य आधार बनाते हुए विश्व में विकसित देश बनाना। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण का आरंभ इन्हीं बिंदुओं से किया। सर्वेक्षण में कहा गया था कि विकसित भारत बनाने के लिए एक या दो दशक तक, स्थिर कीमतों पर औसत 8 प्रतिशत की विकास दर हासिल करने की जरूरत है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, हमारी अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ रही है। इसके आगे उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के हमारे विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया है। यह सच भी है कि भारत की क्षमता और संभावनाओं पर वैश्विक विश्वास और बढ़ा है। वित्त मंत्री ने भविष्य दृष्टि के लिए कहा कि हम अगले 5 वर्षों को सबके विकास को साकार करने और सभी क्षेत्रों के संतुलित विकास को प्रोत्साहित करने के एक अनूठे अवसर के रूप में देखते हैं। बजट को पांच बिंदुओं पर आधारित बनाया गया है- विकास की गति बढ़ाना, समग्र विकास, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना, घरेलू संवेदनाओं को मजबूत करना तथा मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता को बढ़ाना। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि मेक इन इंडिया, रोजगार और अनुसंधान, ऊर्जा आपूर्ति, खेलों का विकास और एमएसएमपी यानी सूक्ष्म व लघु उद्योगों का विकास हमारी विकास यात्रा में शामिल हैं और इसका ईंधन सुधार हैं। इन दो पहलुओं को देखने के बाद बजट आसानी से समझा जा सकता है। आर्थिक सर्वेक्षण में चुनौतियों की चर्चा करते हुए कहा गया था कि विकास दर की वांछनीयता निर्विवाद है, लेकिन यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि वैश्विक परिवेश-राजनीतिक और आर्थिक कारण भी भारत के विकास परिणामों को प्रभावित कर रहे हैं। यानी चुनौतियां हमारे समक्ष हैं और उनका सामना करना ही पड़ेगा। जब आपका उद्देश्य स्पष्ट हो, समस्या दिखाई दे रहे हैं तो रास्ते अपनाने और नीतियों के निर्धारण में आसानी हो जाती है।

वास्तव में अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण उत्पन्न समस्याओं और चिंता के बीच विकास के रास्ते में उत्पन्न बाधाओ का सामना करने के लिए वर्तमान परिस्थितियों में जितना कुछ संभव है वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उसे पूरा करने की कोशिश की है। सच है की भूमि, श्रम, कृषि और प्रशासन के क्षेत्र में संभावित साहसिक और राजनीतिक रूप से संवेदनशील सुधारों से सरकार बची है। बावजूद 2025-26 का बजट उस भारत की छवि को मजबूत करता है जो सुधार के लिए तत्पर है, संभावनाओं से भरा हुआ है तथा विश्व में उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति है। प्रधानमंत्री ने देश के लिए चार जातियां बताई थी- गरीब, युवा, किसान और महिला। कुल मिलाकर 10 क्षेत्रों में बदलाव संबंधी कोशिशें पर फोकस किया गया है। 2024- 25 के 48 लाख 21 हजार करोड़ की तुलना में इस बार कुल 50 लाख 65 हजार करोड़ का बजट है । इसका अर्थ है कि सरकार को वित्तीय चुनौतियों का आभास है और खर्च ज्यादा बढ़ाया नहीं गया है जो व्यवहारिक है। इन परिस्थितियों में वित्त घाटे को संपूर्ण अर्थव्यवस्था के 4.47 तक रखना बहुत बड़ी उपलब्धि है। 5 वर्ष पहले यह 9.027 था।

आयकर में छूट ऐतिहासिक है, नौकरी पेशा वालों के लिए 12लाख 75 हजार और 12 लाख तक आम कारोबारी के लिए आयकर में छूट की कल्पना किसी को नहीं थी। इसलिए सबसे ज्यादा चर्चा उसकी हो रही है। इसे हम राजनीतिक रूप से प्रभावी मध्यमवर्ग को खुश करने की योजना बता सकते हैं। लेकिन इसके आर्थिक और वित्तीय महत्व को नकारा नहीं जा सकता। मध्यम वर्ग का आर्थिक और वित्तीय सशक्तिकरण तथा उसकी क्रय शक्ति बढ़ाने का लक्ष्य शामिल है। मध्यमवर्ग की जेब में धन बचने का अर्थ है कि वे आवश्यकताओं पर ज्यादा खर्च कर सकेंगे, जिससे प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक विकास गति को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही अपने जीवन को ज्यादा सुरक्षित और खुशहाल होने की कल्पना से अंदर सकारात्मकता का विकास होगा और इसका असर हमारे संपूर्ण आर्थिक,सामाजिक, सांस्कृतिक वातावरण पर पड़ेगा। इसके साथ 957 आयकर दाता अब आयकर देने से मुक्त हो चुके हैं। इस दृष्टि से यह साहसी क्रांतिकारी ऐतिहासिक कदम है।

बजट के सारे पहलुओं पर एक लेख में चर्चा करना संभव नहीं है। भारत अब जिस स्थिति में पहुंच गया है उसमें बजट से बहुत ज्यादा आश्चार्ज की घोषणा हो सकती है ना होनी चाहिए। भारत के मूल यानी विरासत के साथ समाज के नीचे से ऊपर सभी तत्वों के संतुलित विकास के साथ ही देश अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा। हम देखेंगे कि समाज के सबसे निचले तपके यानी सड़कों पर सामान बेचने वाले, श्रमिकों, असंगठित मजदूरों,किसानों,मत्स्यपालकों, लघु,मध्य व सूक्ष्म उद्योगों, युव नव उद्यमियों, धार्मिक आध्यात्मिक केन्द्रों आदि सभी समूहों के विकास की दौर में गतिशील होने की व्यवस्था इस बजट में है। भारत के प्रमुख धार्मिक आध्यात्मिक संस्कृत स्थान पर जिस ढंग से तीर्थ यात्रियों पर्यटकों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है वह हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी। इसे ध्यान में रखते हुए 50 पैसे स्थलों को राज्यों की भागीदारी के साथ विकसित करने की योजना है। रोजगार प्रेरित विकास के लिए आतिथ्य प्रबंधन संस्थानों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के साथ होम स्टे के लिए मुद्रा ऋण, यात्रा और संपर्क में सुधार करना, वीजा शुल्क में छूट के साथ ईवीजा को और बढ़ाना, चिकित्सा पर्यटन और स्वास्थ्य लाभ को बढ़ावा दिया जाएगा। इस तरह के व्यवहारिक सूक्ष्मता स्तरीय सोच का कितना असर होगा इसकी आप कल्पना कर सकते हैं। तो भविष्य के एक विशेष पहचान वाले आदर्श महाशक्ति की दृष्टि से आधारभूमि बनाने की कोशिश लगातार मोदी सरकार के बजट में है और इसे इस बार सशक्त और त्वरित करने की कोशिश की गई।

सरकार ने सर्वेक्षण में स्पष्ट किया था कि कृषि, जिसका योगदान कुल अर्थव्यवस्था में 167 के आसपास है, में काफी क्षमता है और प्रतिवर्ष यह 0.75 प्रतिशत से एक प्रतिशत का योगदान दे सकता है। बजट में कृषि विकास के लिए जबरदस्त कदमों की घोषणा है। प्रधानमंत्री धनधान्य योजना' में ऐसे 100 जिलों को चुना जाएगा, जहां कृषि उत्पादकता कम है। इनसे उत्पादकता बढ़ाने, खेती में विविधता लाने, सिंचाई और उपज के बाद भंडारण की क्षमता मजबूत करने में मदद मिलेगी।इससे 1.7 करोड़ किसानों को लाभ होगा। किसान क्रेडिट कार्ड अभी 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों को अल्पावधि ऋण की सुविधा प्रदान करता है। संशोधित ब्याज अनुदान योजना के साथ किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की गई है। दलहन में आत्मनिर्भरता के लिए छह वर्ष का मिशन शुरू होगा। खाद्य तेलों के उत्पादन पर ध्यान दिया जाएगा। नैफेड और एनसीसीएफ में पंजीकृत किसानों से दालें खरीदेगी। श्रीअन्न,सब्जियां और फलों के लिए भी बड़ी योजना का प्रस्ताव है। ऐसे किसानों की आय बढ़ाने के लिए योजना राज्यों के साथ साझेदारी के साथ लॉन्च किया जाएगा। बिहार में राष्ट्रीय फूड टेक्नोलॉजी संस्थान शुरू किया जाएगा। इससे पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षमताएं मजबूत करने में मदद मिलेगी।

स्वाभाविक रूप से बजट में ऊर्जा क्षेत्र में सुधारो की दृष्टि से भी काफी प्रस्ताव है। विकसित भारत की दृष्टि से 2047 तक कम से कम 100 गीगावॉट परमाणु नाभिकीय ऊर्जा के विकास का के लक्ष्य की दृष्टि से निजी क्षेत्र और साधनी क्षेत्र दोनों के लिए योजनाएं घोषित है। परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन किए जाएंगे।

इस तरह के अनेक पहलू बजट में है जो हमारे आपको अपने देश के प्रति आत्मविश्वास पैदा करने के साथ योगदान देने की आर्थिक वित्तीय ठोस भागीदारी दे सकता है। कोई भी बजट आलोचनाओं से परे नहीं है और इनमें भी ऐसे बिंदु निकाले जा सकते हैं। कुल मिलाकर यह भारत को भारत के अनुरूप सामग्र और प्रेरक विकास की दृष्टि वाले बजट का ही अगला पड़ाव है जिसमें हमारे आपके सबके लिए आर्थिक दृष्टि से योगदान देने की भूमिका निभाने के कदम उठाने की कोशिश है।

## चिंतन

# समाज के वंचित वर्ग को भी मिले पीने को दूध

डॉ. सत्यवान सौरभ
मोबाइल : 94665 26148

श्वेत क्रांति से प्रेरित भारत का डेयरी क्षेत्र दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बन गया है, फिर भी दूध की पहुँच बहुत असमान है। आय के अंतर, क्षेत्रीय विविधताओं और सामर्थ्य सीमाओं जैसे कारकों के कारण वंचित समूहों के बीच दूध की खपत सीमित है। कुपोषण और अतिपोषण के बारे में बढ़ती चिंताओं के साथ, इस अंतर को पाटने और समाज के सभी वर्गों के लिए समान पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट नीतियों की आवश्यकता है। जब हम सामाजिक-आर्थिक और क्षेत्रीय समूहों के बीच दूध के सेवन में अंतर देखते हैं तो पाते है कि उच्चतम आय वाले परिवार प्रति व्यक्ति तीन से चार गुना अधिक दूध खाते हैं, जो निम्न आय वालों की तुलना में काफ़ी आर्थिक असमानताओं को दर्शाता है। सबसे कम आय वाले 307 परिवार भारत के दूध का केवल 187 उपभोग करते हैं, जो उच्च समग्र उत्पादन के बावजूद निम्न-आय वाले समूहों में सामर्थ्य सम्बंधी मुद्दों को रेखांकित करता है। शहरी परिवार 30 प्रतिशत का उपभोग करते हैं।

राजस्थान, पंजाब और हरियाणा जैसे पश्चिमी और उत्तरी राज्यों में प्रति व्यक्ति खपत अधिक है (333 ग्राम-421 ग्राम प्रतिदिन), जबकि छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे पूर्वी राज्य प्रतिदिन केवल 75 ग्राम-171 ग्राम खाते हैं। हरियाणा की डेयरी-अनुकूल संस्कृति और सहकारी नेटवर्क घरों में उच्च दूध की खपत को बढ़ावा देते हैं। आदिवासी (एसटी) परिवार सामान्य रूप से अन्य परिवारों की तुलना में प्रति व्यक्ति चार लीटर कम दूध का उपभोग करते हैं, जो लंबे समय से चली आ रही सामाजिक असमानताओं को उजागर करता है। दूध के पोषण सम्बंधी लाभों के बावजूद, डेयरी बाजारों तक सीमित पहुँच और आर्थिक बाधाएँ एसटी समुदायों को कम खर्चीले, गैर-डेयरी विकल्पों पर निर्भर रहने के लिए प्रेरित करती हैं। धनी महानगरीय लोग अनुशंसित मात्रा से दोगुने से अधिक उपभोग करते हैं, मुख्य रूप से उच्च वसा, उच्च चीनी वाले डेयरी उत्पादों से, कम आय वाले परिवारों के लिए दूध महंगा है, जो 300 ग्राम की अनुशंसित दैनिक खपत को पूरा करने के लिए उनके मासिक ख़र्च का 107-307 हिस्सा है।

प्रतिदिन □300 कमाने वाला एक दिहाड़ी मज़दूर सिर्फ़ दूध के लिए 30-90 का बजट बनाने के लिए संघर्ष कर सकता है, जिसके परिणामस्वरूप आहार प्रभावित होता है। ग्रामीण उत्पादकों के पास पर्याप्त भंडारण और वितरण नेटवर्क की कमी है, जिसके परिणामस्वरूप कम आय वाले और अलग-थलग परिवारों तक पहुँचने में अक्षमता होती है। लैक्टोज संवेदनशीलता और आहार सम्बंधी प्राथमिकताएँ दूध के सेवन को प्रभावित करती हैं, विशेष रूप से पूर्वी और आदिवासी क्षेत्रों में, जहाँ वैकल्पिक प्रोटीन स्रोतों को प्राथमिकता दी जाती है। झारखंड में आदिवासी जनजातियाँ सांस्कृतिक खाद्य प्राथमिकताओं कारण दालों और बाजरा पर निर्भर हैं। वित्तीय प्रतिबंधों के कारण, कुछ राज्यों ने कल्याणकारी कार्यक्रमों से दूध के प्रावधान को समाप्त कर दिया, जिससे कमज़ोर समुदायों तक पहुँच सीमित हो गई। छत्तीसगढ़ ने दूध की आपूर्ति बंद कर दी। समान दूध की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत उपाय सबसे पहले आते हैं।

पोषण कार्यक्रमों में सुधार जैसे प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण और एकीकृत बाल विकास सेवा जैसी योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाएँ, जो स्कूल के भोजन और घर ले जाने वाले राशन में दूध की आपूर्ति करती हैं। कर्नाटक और गुजरात जैसे राज्य वर्तमान में स्कूल पोषण कार्यक्रमों के माध्यम से दूध प्रदान करते हैं, लेकिन कवरेज का विस्तार करने से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। वितरण लागत को कम करने और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए मज़बूत डेयरी नेटवर्क वाले क्षेत्रों में ज़रूरतमंद परिवारों के लिए दूध वाउचर पेश करें। गुजरात में डेयरी सहकारी समितियाँ स्थानीय दुकानों पर भुनाए जाने वाले दूध कूपन प्रदान करने के लिए सामाजिक पहलों के साथ काम कर सकती हैं। महिलाओं और परिवारों को दूध के महत्त्व के बारे में शिक्षित करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वयं सहायता समूहों और मीडिया भागीदारी का उपयोग करें।

महाराष्ट्र के पोषण माह 2024 अभियान ने संतुलित आहार के बारे में सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई, जिससे ग्रामीण समुदायों में आहार विविधता में सुधार हुआ। अत्यधिक डेयरी सेवन को रोकने के लिए, यूके के चेंज4लाइफ शुगर स्वैप अभियान के समान, स्वास्थ्य संदेश के माध्यम से संयम को प्रोत्साहित करें। डॉक्टर और पोषण विशेषज्ञ स्वस्थ डेयरी उपभोग पैटर्न की वकालत कर सकते हैं, जिससे मोटापे और गैर-संचारी रोगों का बोझ कम हो सकता है। दूध की खपत की असमानताओं को पाटने के लिए लक्षित सब्सिडी, मज़बूत सार्वजनिक वितरण प्रणाली और छोटे पैमाने पर डेयरी फार्मिंग के लिए प्रोत्साहन की आवश्यकता है। कोल्ड स्टोरेज के बुनियादी ढांचे को मज़बूत करना और फोर्टिफाइड डेयरी उत्पादों को बढ़ावा देना पहुँच को बढ़ा सकता है। एक बहु-हितधारक दृष्टिकोण, प्रौद्योगिकी और जागरूकता अभियानों को एकीकृत करना, पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, एक स्वस्थ और अधिक न्यायसंगत भारत को आगे बढ़ाएगा।

## नजरिया

# संचार क्रांति ने छीन ली पुस्तकों की अहमियत

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

आज का युवा पुस्तक का मतलब पाठ्य पुस्तक ही समझता है। इंटरनेट के तेजी से बढ़ते चलन के बाद पुस्तकों से लोगों की दूरी बढ़ती जा रही है। आज पुस्तक के बजाय इंटरनेट हमारा साथी बन बैठा है। हमने पुस्तक के व्यावहारिक, शिक्षाप्रद, मनोरंजक और बहुमुखी ज्ञान से अपनी दूरी बनाली है। ऐसे समय और माहौल में विश्व पुस्तक मेले का आयोजन निश्चय ही सार्थक और प्रेरणादायी है। युवाओं की ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाना चाहिए। स्कूल और कॉलेज प्रबंधन सहित अभिभावकों को अपने बच्चों को पुस्तक मेले में ले जाकर ज्ञान के इस अनूठे संसार से मिलाना चाहिए। विश्व पुस्तक मेला 2025 देश की राजधानी के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में शुरू हो गया है। इस बार मेले की थीम गणतंत्र भारत के 75 वर्ष रखी गई है। यह 75वें गणतंत्र दिवस पर केंद्रित है। पुस्तक मेला में 50 देशों की भागीदारी रहेगी। यह मेला 1 फरवरी से लेकर 9 फरवरी तक चलेगा। मेले में 2,000 से अधिक प्रकाशक और 1,000 से ज्यादा वक्ता शामिल हो रहे है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक युवराज मलिक का कहना है कि, पुस्तक मेला भारत की सांस्कृतिक विरासत और भविष्य की आकांक्षाओं को जोड़ने का एक मंच बनेगा।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मेले का उद्घाटन करते हुए पढ़ाई के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पढ़ना केवल शौक नहीं है बल्कि ये एक परिवर्तनकारी अनुभव है। उन्होंने कहा कि बच्चों में किताबें पढ़ने का शौक विकसित करना राष्ट्र निर्माण में योगदान देने जैसा है। पाठ्यक्रम की किताबों के अलावा बच्चों को अलग-अलग विषयों पर पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए ताकि वे अपनी क्षमताओं को पहचान सकें और एक बेहतर इंसान बन सकें।

पुस्तक ने एक मित्र और मार्गदर्शक की भांति सदा हमारा साथ निभाया है। स्कूल और कॉलेज में पुस्तक लाइब्रेरी जरूर है मगर उसमें जाने का समय विद्यार्थी के पास नहीं है। कक्षा में विषयों के पीरियड अवश्य होते है। खेलकूद का भी समय होता है मगर पुस्तक पढ़ने अथवा पुस्तकालय का कोई पीरियड नहीं होता। अध्यापक भी बच्चों को पुस्तक या सद साहित्य पढ़ने संबंधी कोई जानकारी नहीं देते। यही कारण है कि इन्टरनेट के इस युग में हम पुस्तक को भूल गए है। पढ़ने का मतलब इस संचार क्रांति में इन्टरनेट ही रह गया है युवा चौबीसों घंटे हाथ में मोबाइल लिए इन्टरनेट पर चैट करते मिल गाएंगे। वे पुस्तक से परहेज करने लगे है मगर मोबाइल को रिचार्ज करना नहीं भूलते। उन्हें घर या बाहर यह बताने वाला कोई नहीं है की पुस्तकों का भी अपना एक संसार है। वे प्रेमचंद की किसी पुस्तक के बारे में नहीं जानते। कॉमेडियन कपिल के शो के बारे में जरूर जानते है मगर शरत चंद्र या हरिशंकर परसाई की किसी शख्सियत से वाकिफ नहीं है। उन्हें पुस्तक अथवा पुस्तक की महिमा से कोई लेना देना नहीं है। वे पुस्तक मेले में जाना नहीं चाहते। वे किसी अच्छे मॉल में जरूर जाना चाहते है जहाँ उन्हें अपनी मन पसंद खाने पीने और पहनने की वस्तु मिल जाये।

जमाना जिस तेजी से बदल रहा है उसे देखते हुए लगता है किताब अब गुजरे जमाने की चीज रह जाएगी अब उन्हें कौन समझाएं की उसके अभिभावक पुस्तक के ज्ञान को सहेज कर आगे बढे है। अब तो गली मोहल्ले में कोई वाचनालय या पुस्तकालय भी नहीं है। जहाँ शांति से बैठकर पढ़ा जाये।

यदि कहीं ऐसी जगह भूल से मिल भी जाये तो उनका मोबाइल उसे पढ़ने नहीं देगा। आखिर वह कैसे पुस्तक के बारे में जाने और ज्ञान प्राप्त करें। आम आदमी के विकास के लिए जरूरी शिक्षा और साक्षरता का एकमात्र साधन किताबें हैं। आज संचार क्रांति ने पुस्तकों से उसके पाठक छीन लिये है ऐसे में हमारे कंधो पर बड़ी चुनौती है। पुस्तक ज्ञान का अकूत भंडार ही नहीं हमारे सच्चे मित्र भी हैं। पुस्तक के बगैर ज्ञान की कल्पना नहीं की जा सकती है। ये हमें ज्ञान प्रदान करती हैं।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत





# बसंत पंचमी पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान, श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

महाकुंभ नगर। महाकुंभ-2025 का तीसरा अमृत स्नान बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार तड़के से शुरू हो गया, जिसमें अब तक करोड़ों लोग गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक 1.25 करोड़ से अधिक लोगों ने आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। मेला प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया, संगम घाट पर नागा साधु संतों और आम श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। हर कोई अमृत स्नान का अलौकिक आनंद ले रहा है और चारों ओर हर हर गंगे का घोष सुनाई दे रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, महाकुंभ में मां गंगा, यमुना और सरस्वती की दिव्य धाराओं में पवित्र अमृत स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई।

सूचना निदेशक शिशिर सिंह ने बताया कि योगी आदित्यनाथ लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास पर प्रमुख सचिव (गृह) और डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) के साथ मिलकर तड़के साढ़े तीन बजे से ही महाकुंभ में स्नान संबंधी व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि अमृत स्नान निर्विघ्न रूप से जारी है और संन्यासी अखाड़ों के साधु संतों का अमृत स्नान संपन्न होने के साथ अब बैरागी अखाड़े घाट पर पहुंच रहे हैं। क्रम में सबसे पहले संन्यासी अखाड़ों में महानिर्वाणी और अटल अखाड़े के साधु संतों और पीठाधीश्वर ने संगम घाट पर पहुंचकर स्नान किया। इसके बाद, निरंजनी और आनंद अखाड़ा और जूना एवं आवाहन अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया।

मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के दौरान मची भगदड़ की घटना के बाद यह अमृत स्नान हो रहा है। मौनी अमावस्या पर भगदड़ की घटना में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी तथा 60 लोग घायल हो गए थे। संगम तट पर भीड़ से बचने के लिए बहुत से लोग दारागंज में बने पक्के घाट दशाश्वमेध घाट पर स्नान के लिए जुटे हैं। इस घाट पर स्नान करने रायपुर से आईं राम प्यारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, गंगा स्नान करना महत्वपूर्ण है। इसलिए हमने भारी भीड़ के कारण संगम जाने के बजाय यहां स्नान करना ठीक समझा। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को दोपहर 12 बजे तक 1.25 करोड़ से अधिक लोगों ने डुबकी लगाई, जबकि 13 जनवरी से अब तक करीब 35 करोड़ लोग गंगा और संगम में स्नान कर चुके हैं। सरकार का अनुमान है कि सोमवार को पांच करोड़ लोग स्नान करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का ध्यान कर 10 लाख कल्पवासियों ने भी गंगा और संगम में डुबकी लगाई। महाकुंभ में 10 लाख से अधिक कल्पवासी महाकुंभ क्षेत्र में कल्पवास कर रहे हैं और आगामी माघी पूर्णिमा के स्नान के साथ उनका एक माह का कल्पवास पूरा होगा और वे अपने गंतव्य को रवाना होंगे। महाकुंभ के अंतिम अमृत स्नान पर्व बसंत पंचमी पर मेला प्रशासन और पुलिस को शून्य त्रुटि के साथ सकुशल स्नान संपन्न कराने के मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर स्वयं मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण व्यवस्था को देख रहे हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी पुलिस) (महाकुंभ) वैभव कृष्ण ने 'पीटीआई-वीडियो' को बताया कि 29 जनवरी की घटना के मद्देनजर अधिक भीड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। आज सबकुछ सुचारू ढंग से जारी है।

सरकार ने बसंत पंचमी पर 'ऑपरेशन इलेवन' से भीड़ प्रबंधन की योजना बनाई है। सरकार ने एक बयान जारी कर कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से सोमवार को एकल मार्ग की व्यवस्था लागू रहेगी। वहीं, त्रिवेणी के घाटों पर अत्यधिक दबाव रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाए गए हैं।

## इंदौर के दो संग्राहकों ने संजोए महाकुंभ और सिंहस्थ के 100 से ज्यादा दुर्लभ डाक टिकट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



इंदौर। सदियों से देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के गवाह प्रयागराज के महाकुंभ मेले और उज्जैन के सिंहस्थ मेले की छटा डाक विभाग के जारी टिकटों और विशेष आवरणों पर भी प्रदर्शित होती रही है। इसकी बानगी इंदौर के दो लोगों के संग्रह में मिलती है जिन्होंने दोनों धार्मिक आयोजनों पर केंद्रित कुल 100 से ज्यादा दुर्लभ टिकटों और विशेष आवरणों को कड़ी मशक्कत से जुटाकर संजो रखा है। शहर के डाक टिकट संग्राहक ओमप्रकाश केडिया (73) ने सोमवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, मैं प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले में बचपन से जा रहा हूं। मुझे इस धार्मिक आयोजन में हमेशा से खासी रुचि रही है और यही वजह है कि मैंने इससे जुड़े डाक टिकट और विशेष आवरण जुटाने शुरू किए।

केडिया ने बताया कि चूंकि प्रयागराज महाकुंभ और उज्जैन सिंहस्थ पर जारी डाक टिकटों और विशेष आवरणों की तादाद बेहद सीमित है, इसलिए इन्हें तलाशने में काफी दिक्कत पेश आती है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में 1977 के दौरान लगे महाकुंभ मेले पर केंद्रित एक विशेष आवरण उनके संग्रह की सबसे पुरानी मिल्कियत है जिसे उन्होंने एक प्रदर्शनी में एक विक्रेता से हासिल किया था।

शहर के एक अन्य संग्राहक आलोक खादीवाला (53) ने बताया कि उनके पास भी गुजरे बरसों में लगे महाकुंभ और सिंहस्थ मेलों को लेकर जारी डाक टिकट और विशेष आवरण हैं। खादीवाला के मुताबिक उनके इस 'खजाने' की सबसे कीमती चीज 1906 के प्रयागराज महाकुंभ पर केंद्रित 'बाजार कार्ड' है। उन्होंने बताया, बाजार कार्ड देश की आजादी से पहले पत्रों के रूप में इस्तेमाल किए जाते थे। खादीवाला ने बताया कि महाकुंभ और सिंहस्थ मेलों पर जारी डाक टिकट और विशेष आवरण हासिल करने के लिए उन्होंने अलग-अलग स्थानों के कबाड़ियों की भी मदद ली और कागज की रद्दी के कई बोरे खंगाले। दोनों लोगों के संग्रह में देश के अलग-अलग तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं द्वारा यादगार के रूप में खरीदे जाने वाले प्राचीन सिक्के भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ मेला 26 फरवरी तक जारी रहेगा। सिंहस्थ मेला मध्यप्रदेश के उज्जैन में 2028 के दौरान आयोजित होगा।

## ईएफटीए, इज़राइल के निवेशकों का एक बड़ा दल आएगा भारत : गोयल

नयी दिल्ली। चार यूरोपीय देशों के ब्लॉक यूरोपीय मुक्त व्यापार संगठन (ईएफटीए) और इज़राइल के निवेशकों का एक बड़ा दल कारोबार के अवसरों की तलाश के लिए अगले सप्ताह भारत आ रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यह जानकारी दी। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य आइसलैंड, लीश्टेंसटाइन, नॉर्वे और स्विटजरलैंड हैं। ईएफटीए सदस्य देशों के 100 से अधिक निवेशकों की भारत यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसने 10 मार्च, 2024 को भारत के साथ व्यापार व आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत को समझौते के तहत समूह से 15 वर्षों में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता मिली है, जबकि स्विटजरलैंड की घड़ियों, चॉकलेट और कटे व पॉलिश किए गए हीरों जैसे कई उत्पादों तक कम या शून्य शुल्क तक पहुंच है। समझौते के इस वर्ष के अंत तक लागू होने की उम्मीद है।

गोयल ने कहा कि ईएफटीए के प्रतिनिधि 100 से अधिक निवेशकों के साथ आ रहे हैं। इज़राइल से 200 से अधिक निवेशकों के आने की उम्मीद है। उनकी तीन दिवसीय यात्रा 10 फरवरी से शुरू होगी। उन्होंने कहा, बड़ी कंपनियां आ रही हैं। ईएफटीए ब्लॉक ने 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जाहिर की है। समझौते के लागू होने के बाद 10 साल के भीतर 50 अरब अमेरिकी डॉलर तथा इसके अगले पांच साल में 50 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जाएगा जिससे भारत में एक करोड़ प्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। भारत ने पहली बार किसी किसी व्यापार समझौते में ऐसी शर्तों पर सहमति व्यक्त की है। ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं।

यह मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने और उसे बढ़ाने के लिए एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना उन देशों के लिए एक विकल्प के रूप में की गई थी जो यूरोपीय समुदाय में शामिल नहीं होना चाहते थे। भारत 27 देशों के समूह ईयू के साथ एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर अलग से बातचीत कर रहा है।

## फिल्म 'कन्नप्पा' से प्रभास का लुक रिलीज

मुंबई/एजेन्सी



दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'कन्नप्पा' से उनका लुक रिलीज हो गया है। फिल्म कन्नप्पा के निर्माताओं ने इस फिल्म से प्रभास का लुक रिलीज कर दिया है। फिल्म कन्नप्पा में प्रभास के किरदार का नाम रूद्र है।पोस्टर में प्रभास को एक साधु के वेश में दिखाया गया है, उनके उलझे हुए बाल बेतरतीब ढंग से लहरा रहे हैं, उनके माथे पर पवित्र चंदन लगा हुआ है, और वे एक अर्धचंद्राकार छड़ी पकड़े हुए हैं जो दिव्य शक्ति और आकाशीय ऊर्जा का संकेत देती है।

फिल्म कन्नप्पा मुकेश कुमार सिंह निर्देशित और एम. मोहन बाबू निर्मित है। हाल ही में निर्माताओं ने भगवान शिव की भूमिका में अक्षय कुमार का एक आकर्षक पोस्टर जारी किया था।

इस फिल्म से अक्षय तेलुगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर, कान फिल्म फेस्टिवल में विष्णु मांचू, मोहन बाबू और प्रभु देवा ने दिखाया था। फिल्म कन्नप्पा में विष्णु मांचू, मोहनलाल, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल और प्रभास ने प्रमुख भूमिकाएँ निभाई हैं। फिल्म कन्नपा 25 अप्रैल 2025 को दुनिया भर में रिलीज़ होने वाली है।

## 'वीर हनुमान' में केसरी का किरदार निभाना मेरे लिए एक विशेष अवसर: आरव चौधरी

मुंबई/एजेन्सी



अभिनेता आरव चौधरी का कहना है कि सोनी सब के भक्तिमय शो 'वीर हनुमान' में भगवान हनुमान के पिता केसरी की भूमिका निभाना उनके लिए एक विशेष अवसर है। शो वीर हनुमान एक अद्भुत गाथा है, जो भक्ति और प्रेरणा का नया अध्याय लिखेगी! यह शो भगवान हनुमान की अविश्वसनीय यात्रा को दर्शाएगा, हनुमान के बाल्यकाल से लेकर उनकी दिव्य शक्तियों की खोज तक, और यह भी दिखाएगा कि उनके माता-पिता, केसरी और अंजनी, ने उनके भाग्य को आकार देने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरव चौधरी इस शो में भगवान हनुमान के स्नेही लेकिन अनुशासनप्रिय पिता केसरी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आएंगे।

आरव चौधरी ने कहा, एक अभिनेता के रूप में मेरी यात्रा रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रही है। हिंदी, तमिल और तेलुगु सिनेमा के साथ-साथ ऐतिहासिक और पौराणिक शोज़ में काम करने का अनुभव रहा है, लेकिन भगवान हनुमान के पिता केसरी की भूमिका निभाना मेरे लिए एक विशेष अवसर है।

केसरी, हनुमान जी की यात्रा में एक अहम भूमिका निभाते हैं और इस चरित्र को जीवंत करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है।वीर हनुमान' एक ऐसा शो है, जो हमारे सबसे पूजनीय और प्रेरणादायक देवता की कहानी को भव्य रूप से प्रस्तुत करेगा। केसरी, जो शक्ति और सद्गुणों के प्रतीक हैं, की भूमिका निभाना मेरे लिए एक चुनौती भी है और सौभाग्य भी। मैं इस किरदार को निभाने के लिए बेहद उत्साहित हूं। शो वीर हनुमान की शुरुआत जल्द ही सोनी सब पर होने वाली है।



## भगदड़ की घटना के बाद संतों ने अमृत स्नान के लिए व्यवस्थाओं की सराहना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

महाकुंभ नगर। महाकुंभ 2025 में बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को अखाड़ों के भव्य अमृत स्नान के बीच संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ त्रिवेणी संगम तट पर उमड़ पड़ी। देशभर के प्रमुख संतों ने इस अवसर पर की गई व्यवस्थाओं के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के दौरान मची भगदड़ की घटना के बाद यह अमृत स्नान हो रहा है। मौनी अमावस्या पर भगदड़ की घटना में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी तथा 60 लोग घायल हो गए थे। इस घटना से स्तब्ध उत्तर प्रदेश सरकार ने भीड़ प्रबंधन प्रणाली तथा सुरक्षा, चिकित्सा एवं परिवहन व्यवस्था को बढ़ा दिया है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को बसंत पंचमी पर त्रुटि रहित अमृत स्नान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को सुबह आठ बजे तक 62 लाख से अधिक लोगों ने संगम में डुबकी लगाई।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अमृत स्नान बिना किसी अप्रिय घटना की सूचना के जारी रहा और आदित्यनाथ, जो स्वयं एक साधु हैं, को संतों से प्रशंसा मिली। जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा, बसंत पंचमी के इस पावन पर्व पर पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। हमारा सामाजिक सद्भाव, आध्यात्मिक मूल्य आज पूरे विश्व के केंद्र में हैं। योग और आयुर्वेद के माध्यम से भारत की अद्भुत स्वीकृति बढ़ रही है। हम वही हैं जो पूरे संसार को अपना परिवार मानते हैं। हम यह भी चाहते हैं कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाएं और प्लास्टिक का उपयोग ना किया जाए।

निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज ने कहा, बसंत पंचमी के पावन पर्व पर सभी सनातनी आज मां सरस्वती की आराधना करेंगे। सभी अखाड़े पवित्र स्नान कर रहे हैं। कोई भी सरकार इस परंपरा को तभी समझ सकती है जब सरकार में कोई धर्म को समझने वाला हो और धर्म को योगी जी (आदित्यनाथ) से बेहतर कोई नहीं समझ सकता। आनंद अखाड़ा के आचार्य स्वामी बालिकानंद गिरी जी




महाराज ने कहा, अमृत स्नान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत भव्य और दिव्य तैयारी की है। शासन और प्रशासन की ओर से भी पूरा सहयोग किया गया है। पूरी दिव्यता के साथ अमृत स्नान संपन्न हो रहा है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा, आज बसंत पंचमी के अवसर पर अंतिम 'अमृत स्नान' है। इसके बाद हम वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे। हमें स्नान के लिए 40 मिनट का समय दिया गया है। मैं सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध करता हूं कि जब तक अत्यंत आवश्यक न हो, संगम घाट पर जाने से बचें।

अटल पीठाधीश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती ने कहा, अमृत स्नान बहुत शांतिपूर्वक और उत्कृष्ट तरीके से संपन्न हुआ। इस कुंभ मेले का उद्देश्य विश्व में शांति और एकता स्थापित करना है। सभी को इससे एक सीख लेनी चाहिए। यहां सभी जाति और धर्म के लोग एकत्रित होते हैं। एकता, समृद्धि और भाईचारे की भावना बनी रहे। निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज ने कहा, महाकुंभ स्वयं ही अमृत स्नान है। मुगल शासन के दौरान जिसे शाही स्नान कहा जाता था, आज वैदिक संस्कृति में उसे अमृत स्नान के नाम से जाना जाता है। गंगा के दर्शन मात्र से ही पापों से मुक्ति मिलती है और हम यहां त्रिवेणी में उपस्थित हैं। प्रख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा, आज बसंत पंचमी के अवसर पर 'अमृत स्नान' हो रहा है। मुझे नहीं लगता कि इससे पहले कभी कुंभ में इतनी बड़ी संख्या में लोग आए होंगे। बच्चों और बुजुर्गों को पहले स्नान कराया जाना चाहिए। श्रद्धालुओं को सभी का ध्यान रखना चाहिए। मैं युवाओं से भी आग्रह करता हूं कि वे सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करें। महानिर्वाणी अखाड़ा के महामंडलेश्वर विश्वेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा, आज का स्नान पूरे विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करने का अवसर है। यहां सभी प्रकार के लोग आए हैं। प्रशासन द्वारा किए गए इंतजाम उत्कृष्ट हैं।

## संगीतकार रिकी केज ग्रैमी अवार्ड्स में हुए शामिल



लॉस एंजिल्स/एजेन्सी

भारतीय संगीतकार रिकी केज कैलिफोर्निया में 67वें वार्षिक ग्रैमी अवार्ड्स में शामिल हुये। रिकी केज को उनके विश्व स्तर पर प्रशंसित एल्बम 'ब्रेक ऑफ डॉन' के लिए चौथी बार नामांकित किया गया है। उन्होंने अमेरिकी अभिनेत्री और अपनी पुरानी दोस्त मार्ला मेपल्स के साथ रेड कार्पेट पर कदम रखा। वह संयुक्त राज्य अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपने हाई प्रोफाइल विवाह के लिए भी जानी जाती हैं। इस अल्बम के जरिये रिकी संगीत और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई राह पर आगे बढ़ रहे हैं।इस एल्बम में संगीत के प्रति उनके जुनून को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति उनके समर्पण के साथ जोड़ा गया है।

संगीत और स्वास्थ्य के मिश्रण में अग्रणी रिकी केज का ब्रेक ऑफ डॉन प्राचीन भारतीय रागों पर आधारित एक नए युग का एल्बम है, जिसे मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस एल्बम को इसके अभिनव दृष्टिकोण और गहन भावनात्मक प्रभाव के लिए सराहा गया है, जो संगीत चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य पर वैश्विक बातचीत में एक महत्वपूर्ण कदम है। ब्रेक ऑफ डॉन को यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप, डेका रिकॉर्ड्स और वर्व रिकॉर्ड्स के सहयोग से वेदम रिकॉर्ड्स के माध्यम से रिलीज़ किया गया था।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

स्थानीय नमिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ भवन में श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि कतार में खड़े आखरी व्यक्ति के साथ भी न्याय हों तभी लोकतंत्र की सफलता मानी जा सकती है।



# वृद्धाश्रम में ब्यावर लेडीज विंग व युवा शाखा ने दी राशन सामग्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। ब्यावर संघ के तत्वावधान में ब्यावर युवा लेडीज विंग और युवा शाखा द्वारा बसन्त पंचमी पर मां सरस्वती की आराधना स्वरुप मानव सेवा के कार्यक्रमों की कड़ी में शांतिधाम वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की सेवा एवं एक महीने की राशन सामग्री वितरण किया गया। युवा शाखा अध्यक्ष ललित डाकलिया ने बताया कि महिला और युवा सदस्यों ने इस अवसर पर बुजुर्गों के साथ बहुत ही अच्छा समय व्यतीत किया।

महिला विंग संयोजक जीया हिंगड़, मोनिका कुमट ने बुजुर्गों को गेम्स खिलवाए और उन्हें पुरस्कार भी प्रदान किए। इससे पहले संघ के महामंत्री अरविन्द कोठारी, कोषाध्यक्ष दिनेश लोढ़ा, युवा अध्यक्ष ललित डाकलिया, सहमंत्री नरेश बोहरा और महिला विंग संयोजक चन्द्रकला डाकलिया और सीमा बोहरा ने कार्यक्रम के सहयोगी झंवरलाल संजयकुमार गुलगुलिया परिवार और निर्मलकुमार अंजू बाफना परिवार का सम्मान किया गया। इस अवसर पर ब्यावर संघ व युवा संघ के अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# ‘दुर्जनों की सक्रियता से ज्यादा खतरनाक है सज्जनों की निष्क्रियता’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कडूर। स्थानीय नमिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ भवन में श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि कतार में खड़े आखरी व्यक्ति के साथ भी न्याय हों तभी लोकतंत्र की सफलता मानी जा सकती है। संख्या के खेल और पक्ष-प्रतिपक्ष के द्वंद्व के बीच अकसर अच्छे विचार और अच्छे लोग हाशिए पर धकेल दिए जाते हैं। सत्ता का सुखभोग और समाज की सेवा, दोनों सर्वथा भिन्न तथ्य हैं। जहां सत्ता के सुखभोग की लालसा होती है, वहां समाज और मानवता की सेवा निरर्थक सिद्ध हो जाती है। कोई भी मिशन तभी धारदार बनता है, जब उसे चलाने वाले दागदार न हों।

सामान्य तौर पर लोगों की सेवा के लिये सत्ता और पद की दौड़ शुरू होती है, लेकिन सत्ता और पद प्राप्ति के बाद सेवा-भावना अमूमन समाप्त हो जाती है।भ्रष्टाचारियों को बचाने अथवा सदाचारियों को सताने के लिये जब सत्ता या सामर्थ्य का उपयोग किया जाता है, तब जाने-अनजाने दुःख और दुर्भाग्य चला आता है।

आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि जब अच्छे और बुद्धिमान लोग संगठित होकर राष्ट्र, धर्म और समाज की सेवा के लिए आगे नहीं आते हैं, तब धूर्त, मूर्ख और गलत लोग सभी पर हावी हो जाते हैं। इसकी सजा कमोबेश समाज के हर वर्ग को भुगतनी पड़ती है। इस अर्थ में दुर्जनों की सक्रियता से भी ज्यादा सज्ञनों की निष्क्रियता खतरनाक है। दुर्जन संगठित होकर अपनी स्वार्थसिद्धि करते हैं, जबकि सज्ञन विघटित और निष्क्रिय रहते हैं। वे सिर्फ चर्चाएं कर अफसोस व्यक्त करते हैं, लेकिन दुर्जनों के मंसूबों को असफल करने के ठोस प्रयत्न नहीं करते। समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनैतिकता, हिंसा, अन्याय, सभी में यही सिद्धांत काम करता है। लोकतंत्र का सबसे कमजोर और खतरनाक पक्ष यह है कि यहां नैतिकता से भी ज्यादा संख्याबल का महत्व का है। इसीलिए सज्ञनों की पर्याप्त संख्या और उनकी संगठनिक एकता, दोनों अत्यंत आवश्यक है। धर्मसभा में आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी व गणि पद्मविमलसागरजी के दर्शन कर आशीर्वाद ग्रहण करने हेतु उडुपी-चिक्कमगलूर के सांसद कोटा श्रीनिवास पुजारी और अनेक अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।





# बिहार भवन में धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिद्धार्थ सांस्कृतिक परिषद ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिहार भवन में सरस्वती पूजा महोत्सव का आयोजन किया। बसंत पंचमी के मौके पर पूर्वाह्न में मां शारदे की पूजा की गई। आचार्य पंडितरामानंद चौधरी ने विधि विधान से यजमान आयुष राज से पूजा करवाई। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ थी।

शाम में गायक जीतूकुमार द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजनों की प्रस्तुति दी गई। मंगलवार को मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नवयुवक मंडल अजीत कुमार, प्रवीण उपाध्याय, दीपेशकुमार, राहुल शर्मा, रविकुमार, अमित झा, आशीष मिश्रा, आनंदकुमार सहित महिला मंडल ने व्यवस्था संभाली। परिषद के राजेश्वर सिंह,सीके करुण, प्रजापति झा, पंडित राजगुरु, मिंटू दुबे, पवन मिश्रा, उदय कुमार, विनय कुमार,यशवंतसिंह आदि उपस्थित थे।



# तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर के कैंसर जांच शिविर में 125 महिलाएं हुईं लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर के तत्वावधान में विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में पैप्स स्मियर, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और ओरल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन आचार्य महाश्रमण फिजियोथेरेपी सेंटर श्रीरामपुरम में किया गया। अध्यक्षा उषा चौधरी ने सभी का स्वागत किया।

शंकरा कैंसर अस्पताल से डॉ. कुणाल शर्मा, डॉ. ऐश्वर्या, डॉ. मोनालिसा, डॉ सुनीता और उनकी टीम ने शिविर में 125 महिलाओं की विभिन्न जांचे की। डॉ. कुणाल ने कैंसर के लक्षण और उससे बचाव के उपाय बताए। डॉ. मोनालिसा ने घर पर कैंसर की सुरक्षित जांच के बारे में जानकारी दी। डॉ. ऐश्वर्या ने सभी को कैंसर के उपचार के विभिन्न प्रकारों और चरणों के बारे में जानकारी दी। गायत्रीनगर वार्ड के पूर्व पार्षद चंद्रकला गिरीश ने कैंसर जांच शिविर को आज की आवश्यकता बताया। शंकरा कैंसर हॉस्पिटल से आए डॉक्टरों ने मंडल के काम की सराहना की। राजाजी नगर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अशोक चौधरी, मंत्री चंद्रेश मांडोत, तेयुप के उपाध्यक्ष राजेश देरासरिया ने अपने विचार व्यक्त किए। शिविर की संयोजिका भावना पोरवाड़, स्नेहा चोरडिया, कन्या मंडल से प्रेक्षा मुथा, दीया गन्ना ने व्यवस्था संभाली।कार्यक्रम का संचालन मंत्री लता नवलखा ने किया।



# लक्ष्य और थ्राइव ईपीएस कार्यक्रम में वयस्कों व बच्चों ने सीखी वाकपटुता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जेसीआई बेंगलूरु गार्डन सिटी ने वयस्कों के लिए लक्ष्य और बच्चों के लिए थ्राइव नाम से 7 दिवसीय प्रभावी सार्वजनिक भाषण (ईपीएस) प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। समापन के मौके पर मुख्य अतिथि श्रीपाल जैन ने प्रभावी संवाद के महत्व पर प्रकाश डाला और हैरी दि वीडियो प्रिन्योर से रचनात्मकता और आत्मविश्वास पर मार्गदर्शन दिया। अरविंद जैन, मुकेश भंडारी, अवधि चौहान, नमिता दुगड़,रोशनी बेताला व शीतल भंडारी ने दोनों वर्ग को प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर लक्ष्य प्रोजेक्ट हेड कनिष्क मोदी व अनिश और थ्राइव की प्रोजेक्ट हेड मीशा सोनीगरा ने व्यवस्था संभाली। इस मौके पर अध्यक्ष कामना जैन, उपाध्यक्ष यश दुगड़, जूनियर चेयरपर्सन तिश्या पोरवाल और जूनियर सचिव आयुषी कानूंगा आदि उपस्थित थे।



# विमलनाथ जिनालय दादावाड़ी में विधि विधान से हुआ वार्षिक ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विमलनाथ जिनालय, यंत्र मंदिर एवं श्री जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी बसवनगुड़ी में 20वां अमरध्वजारोहण मुनिश्री मलयप्रभसागरजी व साध्वीश्री प्रियस्वर्णांजनाश्रीजी की निश्रा में सम्पन्न हुआ। परमात्मा की अमर ध्वजा के लाभार्थी संघवी तेजराज, कुशलराज गुलेच्छा परिवार की महिलाओं ने शोभायात्रा के साथ सिर पर नूतन ध्वजा लेकर संतों के साथ मंदिर में प्रवेश किया। दादावाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा ने कहा कि गत वर्ष ध्वजारोहण कार्यक्रम में इस जिनालय के प्रतिष्ठाचार्य गच्छाधिपतिजी गुरुदेश्री मणिप्रभसागरजी स्वयं उपस्थित थे और इस वर्ष भी इनके शिष्यश्री मलयप्रभसागरजी, मुकुलप्रभसागरजी और साध्वियां उपस्थित है।



मुनिश्री ने सत्तरभेदी पूजा में नवमी ध्वजा पूजा के दौरान कहा कि जो भी परिवार जिनालय के शिखर पर ध्वजारोहण करता है उनकी आध्यात्मिक यशकीर्ति चहुं ओर परमात्मा के अतिशय से फैलती है। ट्रस्ट के प्रवक्ता अरविन्द कोठारी ने कहा कि इस जिनालय से जुड़े समस्त सदस्यों कै परमात्मा और गुरुदेव की विशेष कृपा प्राप्त है। ट्रस्ट के प्रचार प्रसार संयोजक ललित डाकलिया ने बताया कि प्रातः परमात्मा का स्नात्र पूजा महोत्सव और सत्तरभेदी पूजा रोहित गुरुजी के विधिविधान द्वारा सम्पन्न हुई और ध्वजारोहण कार्यक्रम में श्री जिनदत्त कुशल सूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल और श्री जिन कुशल सूरी सामायिक मंडल ने व्यवस्थाएं संभाली। अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद के बैण्ड मंडल ने संगीत की प्रस्तुति दी। ध्वजारोहण कार्यक्रम में अध्यक्ष तेजराज मालानी, महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्रकुमार रांका, विजयराज डोसी, सुरेन्द्र रांका, पुखराज कवाड, रमेश गुलेच्छा, पारसमल पगारिया, प्रकाश भन्साली, राजेन्द्र गुलेच्छा आदि अनेक सददस्य उपस्थित थे।



# लुंकड़ कप बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट पर समदड़ी टाइगर्स टीम ने किया कब्जा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। वर्धमान स्थानकवासी जैन नवयुवक मंडल अक्कीपेट के तत्वावधान में एसवीएसजेएनएम प्रीमियर लीग 4 लुंकड कप बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट रविवार को जीटी मॉल में संपन्न हुआ। लुंकड़ ऑटो मार्ट द्वारा प्रायोजित इस टूर्नामेंट में समदड़ी टाइगर्स, बाफना गोल्ड, कानूंगा रॉयल्स, भंसाली टाइगर्स, विनायकीया स्ट्राइकर्स ,आशीर्वाद बी11 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में समदड़ी टाइगर्स टीम ने कानूंगा रॉयल्स को हराकर खिताब पर कब्जा किया। टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर करण लुकंड को मैन ऑफ दि सीरीज का खिताब प्रदान किया गया। मंडल के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र लुकंड ने अपने विचार व्यक्त किए। निर्मल लुकड़, राज लुंकड, पंकज विनायकिया, राजेंद्र बाफना, महावीर भंसाली, महावीर छाजेड, आशीष पालगोता, अरविंद कानूंगा, नमन श्रीश्रीमाल, अरविंद भंसाली आदि ने व्यवस्था संभाली। अक्कीपेट संघ के मंत्री सुरेश कानूंगा, पारसमल श्रीश्रीमाल, विनोद भुरट व मुख्य प्रायोजक किरणकुमार,विनोदकुमार लुंकड ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी। हनुमान चोपड़ा ने संचालन किया। मंडल के अध्यक्ष कमलेश सालेचा ने सभी को धन्यवाद दिया।



# मनोरंजन स्टार्स टीम बनी लीग ऑफ लेडी लेजेंड्स बॉक्स क्रिकेट विजेता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जीतो साउथ लेडीज़ विंग द्वारा जीटी मॉल में लीग ऑफ लेडी लेजेंड्स बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। चेयरपर्सन बबिता रायसोनी ने सभी का स्वागत करते हुए 8 टीमों के 64 खिलाड़ियों का स्वागत किया। संयोजिका साक्षी नाहर ने टूर्नामेंट के नियमों के बारे में बताया और सभी टीमों को ईमानदारी और खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। सहसंयोजिका सोमना सिसोदिया ने कार्यक्रम की मेज़बानी की और खुश नाहर ने कमेंट्री की। सेमीफाइनल में चौकड़ी राइजिंग स्टार्स टीम ने सिंबायोसिस स्ट्राइकर्स टीम को हराया, जबकि मनोरंजन स्टार्स टीम ने सैवी वारियर्स टीम को हराया। फाइनल में मनोरंजन स्टार्स टीम ने चौकड़ी राइजिंग स्टार्स टीम को रोमांचक मुकाबले में हराया। चौकड़ी राइजिंग स्टार्स टीम उपविजेता रहीं।

टूर्नामेन्ट में प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट सारिका मेहता, बेस्ट बैट्सवुमन सविता पोरवाल, बेस्ट बॉलर सोनल मुथा रही।

जीतोसाउथ के अध्यक्ष रणजीत सोलंकी और लेडीज़ विंग की मुख्य सचिव निधी पालरेचा ने टीमों और प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अतिथि के रुप में केकेजी जोन संयोजिका पिंकी जैन, लेडीज़ विंग साउथ की पूर्व चेयरपर्सन व श्रमण आरोग्यम संयोजिका सुनीता गांधी, गर्ल्स हॉस्टल की सहसंयोजिका चित्रा मेहता, जीतो लेडीज़ विंग नॉर्थ की पूर्व चेयरपर्सन और बिजनेस हाउसहोल्ड मॉडल संयोजिका बिंदु रायसोनी, जीतो लेडीज़ विंग संयोजक प्रवीण सोफ़ाड़िय, उपचेयरपर्सन नीलम शांड, कोषाध्यक्ष संगीता पारख सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित थीं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## ध्वजारोहण



बेंगलूरु के बिन्नी मिल रोड स्थित श्री जय अम्बे मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट के संतोषी माता मंदिर में संरक्षिका मृदुलाबन जाडेजा के सान्निध्य में बसंत पंचमी के मौके पर मंदिर के शिखर पर अमरध्वजा लाभार्थी रमेशकुमार अशोकुमार किशोरकुमार गिलुंडिया परिवार द्वारा 22वें वार्षिक दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में माता के भक्त उपस्थित थे।

# शिवसेना नेता की हत्या में इस्तेमाल की गई कार राजस्थान में मिली

पालघर/जयपुर। पुलिस ने राजस्थान के एक गांव से शिवसेना नेता अशोक ढोढी की हत्या में इस्तेमाल की गई कार बरामद कर ली है जबकि फरार तीन आरोपियों की तलाश जारी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि फरार आरोपियों में से दो हत्या करने के बाद कार से राजस्थान भाग गए। उन्होंने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने एक दूरदराज के गांव में वाहन का पता लगाया तथा रविवार रात को उसे जब्त कर लिया। बीस जनवरी को लापता हुए ढोढी का शव 31 जनवरी को पड़ोसी राज्य गुजरात के वलसाड जिले के भिलाड में एक खदान में उनकी कार की डिक्की में मिला था।

## प्रतिस्पर्धा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु सिटी पुलिस फ्रेंड्स द्वारा जेपी पार्क खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट स्पर्धा बीसीपी फ्रेंड्स कप 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद एवं व्यायाम अति आवश्यक है। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com